कोटद्वार, गुरूवार
16 मई 2024
वर्षः 46
अंकः 26 पृष्ठः 8
मूल्यः 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक: स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### हरबर्टपुर बस अड्डे से आवाजाही करें सभी बसें

देहरादून। रोडवेज प्रबंधन ने हरबर्टपुर बस अड्डे के भीतर बसें नहीं ले जाने पर ड्राइवर–कंडक्टरों को चेताया है। मंडलीय प्रबंधक ने बुधवार को आदेश जारी ऐसे ड्राइवर–कंडक्टरों के खिलाफ के निर्देश दिए हैं। आदेश में मंडलीय प्रबंधक (संचालन) संजय गुप्ता ने कहा कि हरबर्टपुर में बस अड्डा तैयार हो चुका है। ड्राइवर–कंडक्टरों को पहले ही आदेशित किया जा चुका है कि बसों को अड्डे के अंदर जरूर ले जाएं, बावजूद कई बस ड्राइवर–कंडक्टर इसका पालन नहीं कर रहे हैं। कहा कि चारधाम यात्रा शुरू हो चुकी है, यात्रियों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने सभी डिपो के सहायक महाप्रबंधकों को आदेश दिए कि ड्राइवर–कंडक्टरों को बस अड्डे के अंदर बस ले जाने के लिए निर्देशत किया जाए। साथ ही ड्यूटी स्लिप पर इन और आउट की मुहर भी जरूर लगवाएं। उन्होंने आदेश का पालन नहीं करने वाले ड्राइवर–कंडक्टरों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### दून मेडिकल कॉलेज के पीजी डॉक्टरों में विवाद, फैकल्टी में गुटबाजी, प्राचार्य ने कर दी यह कार्रवाई

देहरादून। दून मेडिकल कॉलेज में नेत्र रोग विभाग के पीजी डॉक्टरों में विवाद हो गया है। प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के पीजी डॉक्टरों की ओर से प्राचार्य को शिकायत की गई है। एक–दूसरे पर उत्पीड़न, मानसिक शोषण समेत अन्य गंभीर आरोप लगाए हैं। प्राचार्य ने छह वरिष्ठ डॉक्टरों की कमेटी बना जांच बैठा दी है। मंगलवार को अस्पताल में कमेटी की बैठक की। करीब छह घंटे तक दोनों पक्षों से पूछताछ की और कलमबंद बयान दर्ज किए। मंगलवार को एनॉटमी एचओडी प्रो. डॉ. एमके पंत, गायनी एचओडी डॉ. चित्रा जोशी, माइक्रोबॉयोलॉजी एचओडी डॉ. शेखर पाल, पैथोलॉजी से प्रोफेसर डॉ. ममता गुप्ता, सर्जरी से एसो. प्रो. डॉ. प्रदीप शर्मा, कम्युनिटी मेडिसिन से डॉ. शिव यादव की कमेटी की बैठक हुई। दोनों पक्षों की शिकायतों का अध्ययन किया और एचओडी डॉ. शांति पांडेय से भी जानकारी ली। पीजी डॉक्टरों से सुबह 11 से शाम पांच बजे तक पूछताछ एवं लिखित बयान लिए गए। कमेटी सदस्यों ने दोनों पक्षों से सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने की अपील की।

### ईद के दिन मेरे घर नहीं बनता था खाना : मोदी

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बचपन के दिनों को याद करते हुए कुछ राज खोले हैं। उन्होंने बताया है कि ईद के दिन उनके घर पर खाना नहीं बनता था और आसपास रहने वाले मुस्लिम परिवारवालों के घरों से खाना आता था। एक समाचार चेंनल से बात करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "मेरे घर के अगल–बगल सारे मुस्लिम परिवार रहते हैं। मेरे घर में ईद समेत तमाम त्योहार होते थे। ईद के दिन मेरे घर में खुद का खाना नहीं पकता था, सारे मुस्लिम परिवारों से खाना आ जाता था। जब मुहर्रम निकलता था, तब ताजिया के नीचे से निकलते थे।"

पिछले दिनों रैली में घुसपैठिया बोलने पर पीएम मोदी ने जवाब दिया कि किसने कहा जब ज्यादा बच्चों की बात होती है तो मुस्लिमों का नाम जोड़ देते हैं। मुस्लिमों के साथ क्यों अन्याय करते हैं। हमारे यहां गरीब परिवारों में भी यही हाल है। किसी भी समाज के हो, गरीबी जहां है, वहां ज्यादा बच्चे होते हैं। मैंने न हिंदू कहां और न ही मुस्लिम कहा। क्या पीएम मोदी को मुस्लिम वोटों की चाहत है? इस पर उन्होंने कहा कि मैं मानता हूं कि मेरे देश के लोग मुझे वोट देंगे। जिस दिन मैं हिंदू–मुस्लिम करूंगा, उस दिन सार्वजनिक जीवन में रहने योग्य नहीं रहूंगा। मैं हिंदू–मुसलमान नहीं करूंगा, ये मेरा संकल्प है। वहीं, बुधवार को महाराष्ट्र के पिंपलगांव बसवंत में चुनावी रैली में को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आपकी सेवा करना ही मेरे जीवन का सबसे बड़ा उद्देश्य है। कांग्रेस इतनी बुरी तरह हारने जा रही है कि उसके लिए (लोकसभा में) विपक्ष का दर्जा पाना भी मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं तीसरे कार्यकाल के लिए आपका आशीर्वाद मांगने आया हूं। कांग्रेस मंदिर पर कुछ भी बोल रही है लेकिन 'डुप्लिकेट' शिवसेना चुप है; उनकी पाप में भागीदारी है।

## कांग्रेस राज में जनता की गाढ़ी कमाई चढ़ जाती है घोटालों की भेंटः धामी



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने बुधवार को समर गोपालपुर में रोहतक से भाजपा प्रत्याशी अरविंद कुमार शर्मा के समर्थन में आयोजित जनसभा में कांग्रेस पर करार हमला बोला है। कहा कि कांग्रेसराज में जनता की गाढ़ी कमाई भ्रष्टाचार व घोटालों के भेंट जाती है। उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षो में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के हर व्यक्ति के विकास के लिए तपस्या की है। हर पल देशवासियों को समर्पित किया है। जिसके फलस्वरूप आज भारत आर्थिक, सामाजिक, और वैज्ञानिक रूप से हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ा है। उन्होंने कहा कि आजादी से वर्ष 2014 तक बने हवाई अड्डों से ज्यादा बीते 10 सालों में बनाए गए हैं। विकसित राष्ट्र के पथ पर चल हमारा देश विश्व में महाशक्ति के रूप में उभर रहा है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हरियाणा में राज्य एवं केंद्र सरकार मिलकर डबल इंजन की रफ्तार से काम कर रही है। उत्तराखंड को पूरे विश्व में देवभूमि, चार धाम, आदि– कैलाश, गंगा–यमुना जैसी पवित्र नदियों की भूमि के रूप में जाना जाता है। कहा देवभूमि का मूल स्वरूप बना रहे इसके लिए उत्तराखंड में कई कड़े फैसले लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा की तरह तुष्टिकरण परिवारवाद की राजनीति कर रही है। अपनी हार देखकर सभी विपक्षियों ने गठबंधन बना लिया है। इस गठबंधन का एकमात्र लक्ष्य पुनः सत्ता पाकर भ्रष्टाचार करना है। उन्होंने कहा हरियाणा में कांग्रेस और आप पार्टी मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं और पंजाब में ये लोग आपस में लड़ रहे हैं। इससे इनका गठबंधन साफ नज़र आता है। कहा कि हरियाणा में जेजेपी को वोट देना अपने वोट को खराब करने के बराबर है।

जनता कांग्रेस के मंसूबों से वाकिफः मुख्यमंत्री धामी ने कहा कांग्रेस पार्टी विरासत टैक्स लगाकर जनता की कमाई को एक वर्ग विशेष को देने की बात करती है।

## रोडवेज कर्मचारियों ने 20 मई से कार्यबहिष्कार की चेतावनी दी

देहरादून। रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद ने बुधवार को देहरादून में रोडवेज के सहायक महाप्रबंधक को मांग पत्र सौंपकर 20 मई से कार्यबहिष्कार की चेतावनी दी है।

परिषद ने कहा कि आश्वासन के बाद भी मांगों का निराकरण नहीं होने से कर्मचारियों में अवकाश है। शाखा मंत्री नमन शर्मा ने बताया कि परिषद ने प्रबंधन को वर्कशॉप में स्पयेर पाट्र्स की कमी दूर करने, खराब बसों को रूट पर नहीं भेजने समेत विभिन्न मांगों को लेकर मांग पत्र सौंपा था। तीन मई को मांगों को लेकर प्रबंधन के साथ वार्ता हुई थी, जिसमें प्रबंधन ने मांगों का समाधान करने का आश्वासन दिया था, लेकिन आज तक भी मांगों पर कोई सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई। चेताया कि यदि 19 मई तक उनकी मांगें नहीं मानी जाती है तो 20 मई से कार्य बहिष्कार शुरू कर देंगे।

## गर्भवती महिलाओं को मिले डाक मतपत्र के मतदान की सुविधा, हाईकोर्ट में याचिका



हैदराबाद। तेलंगाना हाईकोर्ट ने हाल ही में भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) से गर्भवती महिलाओं को डाक मतपत्र के माध्यम से वोट डालने की अनुमति मांगने वाली एक याचिका पर निर्णय लेने के लिए कहा है। मुख्य न्यायाधीश धीरज सिंह ठाकुर और न्यायमूर्ति आर रघुनंदन राव की खंडपीठ ने एक जनहित याचिका (पीआईएल) का निपटारा करते हुए चुनाव आयोग को निर्देश दिया है। वहीं चुनाव आयोग के वकील ने कहा है कि वे आगे इस पर विचार करेंगे।

बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक, कोर्ट ने 1 मई के अपने आदेश में कहा, "हम प्रतिवादियों (चुनाव आयोग) को यह निर्देश देते हुए वर्तमान जनहित याचिका का निपटारा करते हैं कि भारत के चुनाव आयोग द्वारा उचित निर्णय लिया जाए कि जो महिलाएं गर्भवती हैं, उन्हें डाक मतपत्र के माध्यम से वोट डालने की अनुमति दी जानी चाहिए या नहीं।"

अदालत केसना गौड़ द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में इस बात पर जोर दिया गया था कि जो महिलाएं गर्भवती हैं, वे वोट डालने में असमर्थ हैं। इसलिए, जिस तरह सरकार 85 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को डाक मतपत्र के माध्यम से वोट डालने की अनुमति देती है, उसी तरह सरकार या ईसीआई द्वारा गर्भवती महिलाओं को डाक मतपत्र के माध्यम से वोट देने के अपने अधिकार का प्रयोग करने में सक्षम बनाने के लिए एक समान प्रावधान किया जाना चाहिए।

याचिकाकर्ता ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 60 का हवाला दिया। यह ईसीआई को किसी भी वर्ग के व्यक्तियों को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने के लिए पात्र के रूप में सूचित करने की शक्ति प्रदान करती है। यह तर्क दिया गया कि ईसीआई को गर्भवती महिलाओं को डाक मतपत्रों का उपयोग करने में सक्षम बनाने के लिए एक अधिसूचना जारी करनी चाहिए।

## चारधाम के लिए भक्तों की लंबी कतार, दर्शन के लिए एक महीने से ज्यादा करना होगा इंतजार



देहरादून। गंगोत्री, केदारनाथ समेत चारधाम आने वाले तीर्थ यात्रियों को करीब एक महीने लंबा इतंजार करना पड़ा सका है। ऑफलाइन और ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन पूरी तरह से फुल हो गए हैं। ऐसे में एमपी, यूपी, राजस्थान, गुजरात,दिल्ली आदि राज्यों को दर्शन के लिए इंतजार करना पड़ेगा।विबसाइट पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण कराने वालों को भी 22 जून तक की कोई तारीख नहीं मिलेगी। 22 जून तक के लिए सभी धामों में तय संख्या में रजिस्ट्रेशन फुल हो चुके हैं। अब जो भी रजिस्ट्रेशन होने हैं, वे 22 जून के बाद ही जाकर होंगे।

**यात्री बोले, दोगुने दाम पर मिल रहा सामान**

गंगोत्री–यमुनोत्री में जाम के अलावा यात्रियों को यात्रा कारोबारियों ने भी जख्म देने का काम किया है। खाने पीने की वस्तुओं और होटल के कमरों का मनमाना पैसा वसूला जा रहा है। ऐसे आरोप जाम में फंसे यात्रियों ने दुकानदारों और होटल संचालकों पर लगाए हैं।

## महिला से 40 लाख ठगी में दो साल से फरार तांत्रिक गिरफ्तार

देहरादून। महिला की घरेलू समस्या तंत्रमंत्र के जरिए निपटाने का झांसा दे 40 लाख रुपये ठगकर दो साल से फरार चल रहे तांत्रिक को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ हरिद्वार जिला पुलिस ने 15 हजार रुपए का इनाम घोषित किया हुआ था। एसटीएफ ने बुधवार को दिल्ली के रिहायशी इलाके से दबोचा। वहां लाकर हरिद्वार पुलिस के सुपुर्द किया गया। आरोपी बाबा दिल्ली का हिस्ट्रीशीटर है। एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2022 में कोतवाली गंगनहर रुड़की में एक महिला ने तांत्रिक सुलेमान बाबा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। कहा कि बाबा के संपर्क में आई तो उसने किसी परिजन की असमय मृत्यु का भय दिखाया।

## वनाग्नि पर सुप्रीम कोर्ट की उत्तराखंड सरकार को फटकार, मुख्य सचिव तलब



देहरादून। सुप्रीम कोर्ट ने जंगल की आग से निपटने को लेकर उत्तराखंड सरकार की ओर से उठाए गए कदमों पर असंतोष जाहिर करते हुए कठोर टिप्पणियां की। साथ ही सूबे के मुख्य सचिव को तलब कर लिया। न्यायमूर्ति बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने उत्तराखंड के मुख्य सचिव को 17 मई को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने का निर्देश दिए।

उत्तराखंड सरकार पर कड़ा रुख अपनाते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि उसे यह कहते हुए दुख हो रहा है कि जंगल की आग को काबू करने में राज्य का नजरिया ठीक नहीं था।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट ने जैसे ही उत्तराखंड में जंगल की आग के मसले पर दाखिल की गई याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की। उसे बताया गया कि जंगलों में भीषण आग है। राज्य में 40 फीसदी जंगल आग की चपेट में हैं। इसे बुझाया नहीं जा सका है। अदालत को यह भी बताया गया कि जंगलों में लगी आग के बीच वन विभाग के कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी पर लगाया गया। इसके बाद शीर्ष अदालत ने उत्तराखंड सरकार से तीखे सवाल पूछे।

सर्वोच्च अदालत ने पूछा– आपने जंगल के अग्निशमन कर्मचारियों को आग के बीच चुनाव ड्यूटी पर क्यों लगाया है? इस पर पीठ को जवाब देते हुए, राज्य के एक अधिकारी ने कहा कि चुनाव ड्यूटी खत्म हो गई है और मुख्य सचिव ने दमकल विभाग के किसी भी अधिकारी को चुनाव ड्यूटी पर नहीं लगाने का निर्देश दिया है। इस पर अदालत ने कहा, यह खेदजनक स्थिति है। आप केवल बहाने बना रहे हैं।

पीठ ने उत्तराखंड सरकार की ओर से पेश वकील से पूछा कि क्या आग बुझाने वाले उपकरणों की खरीद के लिए कुछ किया है। रिक्तियां क्यों नहीं भरी गईं। इस पर उत्तराखंड़ सरकार के वकील ने कहा– हमने पिछले साल 1,205 पद भरे थे और बाकी पदों को भरने की प्रक्रिया चल रही है।



## संपादकीय

# नियम पालन पर असहमति

आम आदमी पार्टी के संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जेल से बाहर आने के साथ ही भारतीय जनता पार्टी पर हमला करते हुए जो तीर अपने तरकश से छोड़े उसका जवाब अब चुनावी जनसभा में भाजपा के बड़े नेताओं के द्वारा दिया जा रहा है। कहीं ना कहीं जेल से बाहर आने के साथ ही अरविंद केजरीवाल ने न केवल अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है बल्कि भारतीय जनता पार्टी को खुद अपने ही उसे निर्णय पर सोचने के लिए विवश किया जिसमें एक निश्चित उम्र के बाद पदाधिकारियों को राजनीति से बाहर करने का प्रावधान रखा गया था। अरविंद केजरीवाल ने सवाल किया कि क्या भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वर्ष पूरे होने के बाद उन्हें पार्टी से अलविदा कहेगी या फिर ठीक वैसे ही, जैसे की इससे पूर्व लालकृष्ण आडवाणी तथा कुछ अन्य नेताओं को किया गया था। हालांकि भारतीय जनता पार्टी के दलीय संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि किसी नेता को एक निश्चित उम्र के बाद पार्टी छोड़नी होगी और इसी बात को मजबूती से सामने रखते हुए अब भाजपा के थिंक टैंक व गृहमंत्री अमित शाह ने भी स्पष्ट कर दिया है कि ऐसा कोई नियम पार्टी में नहीं है। हालांकि यह कहना भी गलत नहीं होगा की उम्र की इस सीमा के मुद्दे को लेकर कहीं ना कहीं भारतीय जनता पार्टी बैक फुट पर जरूर नजर आई है क्योंकि इसी उम्र का हवाला देकर पार्टी के अग्रिम पंक्ति के नेताओं को प्रधानमंत्री बनने के बाद सक्रिय राजनीति से चलता कर दिया गया था। अरविंद केजरीवाल ऐसी तीर छोड़ने में माहिर हैं जो कहीं ना कहीं सनसनी पैदा करते हैं और यही सब उन्होंने जेल से आने के बाद भी किया। हालांकि यह तो पहले से ही तय था कि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर ऐसे किसी नियम को ना तो अमल में लाने वाली है और ना ही इस पर विचार किया जा सकता है। बहरहाल अरविंद केजरीवाल अपनी जनसभाओं में भाजपा को दोगला बताने में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे और जनता के बीच यह संदेश भी देने का प्रयास करेंगे कि भाजपा की कथनी और करनी में जमीन आसमान का अंतर है।

## न्यायिक सक्रियता का आगाज

सर्वोच्च न्यायालय ने आपराधिक मामलों की सुनवाई में अदालतों को सहभागिता–सक्रियता का निर्देश दिया है। कहा है कि अदालतें गवाहों, खास कर गुमराह हुए गवाहों, के बयान दर्ज करने वाला टेप–रिकार्डर भर नहीं हैं। दरअसल, यह पैसिवनेस है, जो दोतरफा मार करती है।पहले तो सरकारी वकील ऐसे गवाहों के प्रति ढीले पड़ जाते हैं। वे उससे जरूरी सवाल भी नहीं करते जिनसे कि उसके मुकरने की सटीक वजह मालूम होती। कोई भी आपराधिक मुकदमा गुमराह गवाहों की बदौलत जीता जाता है। इसमें सरकारी वकील, जो अभियोजन पक्ष के होते हैं, वे अपने पैने सवालों से सच उगलवा सकते हैं, पर वे इन सवालों को जानबूझ कर टाल जाते हैं। उनका यह कतराना भी बिका हुआ होता है, जबकि उन्हें सरकार से मोटी पगार मिलती है।इस स्थिति में बदलाव के लिए सरकारी वकीलों के पदों को वकील की राजनीतिक निष्ठा के आधार पर नहीं, उसकी पेशेवर सक्षमता के अनुसार भरा जाना चाहिए। योग्यता और नैतिक निष्ठा सबसे जरूरी आस्पेक्ट है। गलत और अक्षम वकीलों के चयन से मुकदमा जरूरी स्टेज पर कमजोर होने लगता है। दोषी मुकदमा जीत जाता है। पीड़ित को कभी भरोसा ही नहीं होता कि उसकी सुनवाई निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से होगी, उसे अंततः न्याय मिलेगा।यहां सबसे बड़ी क्षति न्यायाधीशों की अ–सक्रियता से होती है, जब वे अपनी भूमिका को गवाहों के बयान दर्ज करने तक सीमित कर अ–सहभागी हो जाते हैं। यह दोहरा घाटा है। इससे न्याय के उस प्राथमिक सिद्धांत का खंडन हो जाता है, जिसे सुलभ कराने के लिए न्यायपालिका का गठन हुआ है। इससे बचने के लिए सर्वोच्च न्यायालय अदालतों से गवाहों से जिरही होने की ताकीद करती है ताकि सच का खुलासा हो सके। मुकदमे पर रोशनी पड़े।पीड़ितों को न्याय मिले। यह बिल्कुल वाजिब ताकीद है। प्रायः देखा गया है कि बड़े से बड़ा कांड, यहां तक कि नरसंहार मामलों में भी गवाहों के मुकरने और अदालतों के जिरही न होने से दोषी छूटते रहे हैं। इससे न्याय व्यवस्था की भारी किरकिरी होती रही है। सर्वोच्च न्यायालय के ताजा निर्देश में इस नासूर हो चुकी स्थिति की एक बुनियादी पड़ताल है।

# मुद्दों से भटकाव लोकतंत्र के लिए नुकसानदेह

**सुषमा गौर**

अब्राहम लिंकन ने कहा था, ह्यचुनाव लोगों का निर्णय होते हैं। अगर वे आग से मुंह मोड़ते हैं और शरीर के पिछले हिस्से को जला लेते हैं, तो उन्हें अपने घावों पर बैठना पड़ेगा।ह्ल थॉमस फ्रीडमैन का मानना था, ह्यजब लोकप्रिय नेता बिना सोचे–समझे कुछ भी कहने–बोलने लगते हैं, तो बड़े मुद्दों पर समझदारी से विचार कर पाना लोकतंत्र के लिए असंभव हो जाता है।

हमारे देश में हो रहे लोकसभा चुनाव में मुद्दे मर चुके हैं और वे अनर्गल प्रलापों के राजनीतिक कब्रिस्तान में दफन हो चुके हैं। अभद्रता हावी हो चुकी है। लड़ाई उच्च नैतिक आधार से शुरू हुई थी। वह लड़ाई 2047 में विकसित भारत बनाने और सभी के लिए न्याय के बीच थी। कई दिनों तक मुद्दे शासन में सक्षम सरकार चुनने और लोकतांत्रिक संस्थाओं को तबाह करने वाली पार्टी को हराने के इर्द–गिर्द घूम रहे थे।

भाजपा और प्रधानमंत्री ने अपने अभियान का प्रारंभ विकास के अस्त्र के साथ किया था। भगवा खेमे के नेता हर दिन 35 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने, सौ नये हवाई अड्डे बनाने, आतंकी हमले और सांप्रदायिक दंगे रोकने, रिकॉर्ड वृद्धि दर हासिल करने और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत के बढ़ते महत्व जैसी एक दशक की सरकार की उपलब्धियों का प्रचार कर रहे थे। ह्यमोदी की गारंटीह्ल का स्वर्णिम संकल्प एक ऐसे नेता पर विश्वास का आह्वान था, जिसने वादों से कहीं अधिक काम कर दिखाया है। विपक्षी पार्टियां अतीत के अपने कार्यों तथा भविष्य के वादों तक सीमित थीं। जब मोदी ने भारत की समस्याओं के लिए गांधी परिवार को दोषी ठहराया, तो कांग्रेस ने इस पर जोर दिया कि लोकतांत्रिक एवं औद्योगिक भारत की नींव उसके संस्थापकों द्वारा रखी गयी थी।

यहां तक तो सब ठीक था, पर जल्दी ही परिदृश्य बदल गया। नेताओं का ध्यान व्यापक परिप्रेक्ष्य से हट गया और वे मामूली मसलों पर झगड़ने लगे। चुनाव दो नकारात्मक आख्यानों के झंझट में बदल गया। आधी सीटों पर मतदान होने तक राजनीतिक प्रतिस्पर्धियों के बीच का माहौल विषाक्त हो गया। नेता, समर्थक और प्रायोजित सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर जातिगत एवं सांप्रदायिक बातों को उठाकर बेशर्मी से प्रचार अभियान को गर्त में ले जाने लगे। यह चुनाव अब व्यक्तिगत झगड़ा बन गया है। अल्पसंख्यक, मंगलसूत्र और मंदिर राजनीतिक सलीब के घाव बन चुके हैं। चुनाव आक्रामक मोदी और प्रयासरत राहुल के बीच की लड़ाई बन गयी है।

लोकतंत्र के असली चौकीदार भारत के लोग हैं। हर पांच साल बाद लोग बड़े घरों, फ्लैटों, गांवों, झुग्गियों आदि से भारी तादाद में निकलते हैं और शासक वर्गों के भाग्य का निर्धारण करते हैं। यह एक ऐसी सेना है, जो सरकार बना और हटा सकती है।

भारत के लोग मतदान के दिन को सशक्तीकरण के दिन के रूप में देखते हैं, न कि सत्ता हड़पने के दिन के तौर पर। वे स्वच्छ वाणी और स्वच्छ शासन की अपेक्षा रखते हैं।

इस प्रक्रिया में मोदी ने राहुल और कांग्रेस को अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी के तौर पर परिभाषित किया है। उन्होंने कहा

> **भाजपा और प्रधानमंत्री ने अपने अभियान का प्रारंभ विकास के अस्त्र के साथ किया था। भगवा खेमे के नेता हर दिन 35 किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग बनाने, सौ नये हवाई अड्डे बनाने, आतंकी हमले और सांप्रदायिक दंगे रोकने, रिकॉर्ड वृद्धि दर हासिल करने और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत के बढ़ते महत्व जैसी एक दशक की सरकार की उपलब्धियों का प्रचार कर रहे थे। मोदी की गारंटी का स्वर्णिम संकल्प एक ऐसे नेता पर विश्वास का आह्वान था, जिसने वादों से कहीं अधिक काम कर दिखाया है। विपक्षी पार्टियां अतीत के अपने कार्यों तथा भविष्य के वादों तक सीमित थीं। जब मोदी ने भारत की समस्याओं के लिए गांधी परिवार को दोषी ठहराया, तो कांग्रेस ने इस पर जोर दिया कि लोकतांत्रिक एवं औद्योगिक भारत की नींव उसके संस्थापकों द्वारा रखी गयी थी। यहां तक तो सब ठीक था, पर जल्दी ही परिदृश्य बदल गया। नेताओं का ध्यान व्यापक परिप्रेक्ष्य से हट गया और वे मामूली मसलों पर झगड़ने लगे। चुनाव दो नकारात्मक आख्यानों के झंझट में बदल गया। आधी सीटों पर मतदान होने तक राजनीतिक प्रतिस्पर्धियों के बीच का माहौल विषाक्त हो गया।**

है कि कांग्रेस शहजादा रफाल मुद्दे के नाकाम होने के बाद पांच उद्योगपतियों का नाम ले रहे थे और फिर वे अंबानी–अदानी कहने लगे, लेकिन चुनाव की घोषणा के बाद उन्होंने ये दो नाम लेना भी बंद कर दिया है। मोदी ने आगे पूछा कि अंबानी और अदानी से कितने पैसे मिले हैं कि अब उनका नाम नहीं लिया जा रहा है। दाल में कुछ काला होने के मोदी के इस भाषण से उनके कट्टर समर्थकों को भी अचरज हुआ। लेकिन मोदी ने यह बात तेलंगाना में इसलिए कही क्योंकि हाल में वहां की कांग्रेस सरकार ने 12,500 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के लिए अदानी समूह से करार किया है।

भाजपा के मुख्य रणनीतिकार अमित शाह ने यह स्पष्ट किया है कि यह चुनाव मोदी और राहुल के बीच है। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा है कि मतदाताओं को मोदी की ह्यभारतीय गारंटीह्ल और राहुल की ह्यचीनी गारंटीह्ल में से चुनाव करना है। शाह कट्टर भगवा गद्य का इस्तेमाल कर हिंदुत्व–आधारित विचारधारात्मक अभियान के लिए माहौल बना रहे हैं। वे भले तेलंगाना में बोल रहे थे, पर उनका संदेश देशभर के भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए था।

उन्होंने कांग्रेस, बीआरएस और एआइएमआइएम को ह्यतुष्टिकरण की तिकड़ीह्ल बताते हुए कहा कि ये लोग तेलंगाना को शरिया और कुरान के आधार पर चलाना चाहते हैं। हैदराबाद में प्रचार करते हुए अभी–अभी भाजपा में आयीं महाराष्ट्र से सांसद नवनीत राणा ने 2013 में अकबरूद्दीन ओवैसी के एक भाषण का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि पंद्रह मिनट के लिए पुलिस हटा लो, हम दिखा देंगे कि हम क्या कर सकते हैं। राणा ने कहा कि उनको तो पंद्रह मिनट लगेंगे, हमें तो बस पंद्रह सेकेंड लगेंगे।

उन्होंने दावा किया कि भाजपा प्रत्याशी माधवी लता हैदराबाद को पाकिस्तान नहीं बनने देंगी तथा कांग्रेस या एआइएमआइएम को वोट देना पाकिस्तान को वोट देना है। प्रमुख भाजपा नेता धार्मिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए ह्यअबकी बार, 400 पारह्ल के प्रधानमंत्री के नारे का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो मोदी का मूल उद्देश्य नहीं था। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने ओडिशा में कहा कि 400 सीटें इसलिए चाहिए कि बाबरी मस्जिद दुबारा न बन सके तथा हम देश के हर मंदिर को मुक्त करायेंगे।

विपक्ष भी हमलावर है। शिव सेना (उद्धव ठाकरे) के सांसद संजय राउत ने मोदी की तुलना औरंगजेब से की और प्रधानमंत्री के लिए वैसी ही परिणति की भविष्यवाणी की। राजनीति और एजेंसियों के दबाव से घिरीं ममता बनर्जी ने भाजपा नेताओं को ह्यलुटेराह्ल बताया, जो पश्चिम बंगाल को तबाह करना चाहते हैं। उन्होंने मोदी को ह्यइंसान–हत्या का सौदागरह्ल कहा। इससे सोनिया गांधी के ह्यमौत का सौदागरह्ल वाले बयान की याद आती है, जो उल्टा पड़ गया था।

प्रियंका और राहुल गांधी भी सोशल मीडिया चुटकुलों और मंचों के निरर्थक बातों से मोदी का मजाक उड़ाने में बहुत पीछे नहीं हैं। क्या हमारे वाचाल नेता यह भूल गये हैं कि अनुचित बयानों और तरीकों से चुनाव नहीं जीते जाते? मोदी ने 2014 में भ्रष्टाचार विरोध के मुद्दे पर जीत हासिल की थी। राहुल गांधी के गढ़े नारे ह्यचौकीदार चोर हैह्ल के बावजूद 2019 में उन्हें बड़ा जनादेश मिला। लोकतंत्र के असली चौकीदार भारत के लोग हैं। हर पांच साल बाद लोग बड़े घरों, फ्लैटों, गांवों, झुग्गियों आदि से भारी तादाद में निकलते हैं और शासक वर्गों के भाग्य का निर्धारण करते हैं। यह एक ऐसी सेना है, जो सरकार बना और हटा सकती है।

भारत के लोग मतदान के दिन को सशक्तीकरण के दिन के रूप में देखते हैं, न कि सत्ता हड़पने के दिन के तौर पर। वे स्वच्छ वाणी और स्वच्छ शासन की अपेक्षा रखते हैं। भारत की स्वतंत्रता से ठीक पहले विंस्टन चर्चिल ने दंभ से कहा था कि देश की सत्ता बदमाशों के हाथ में चली जायेगी और वे सब आपस में लड़ेंगे। अगर चर्चिल सही साबित होंगे, तो यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण होगा। सौभाग्य से, समृद्ध होता एकजुट भारत अभी सुरक्षित हाथों में है।

# शेयर बाजार में मौजूदा हलचल के मायने

**अशोक शर्मा**

बीते शुक्रवार को कारोबारी हफ्ते के आखिरी दिन निफ्टी 50 और बैंक निफ्टी के प्रदर्शन ने निराशाजनक हफ्ते का संकेत दिया। करीब दो महीने में शेयर बाजार का यह सबसे खराब हफ्ता रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसइ) का वोलाटिलिटी इंडेक्स 11 सत्रों से लगातार बढ़ता जा रहा है। अप्रैल में यह कम रहा था, पर अब आशंका उच्च स्तर पर है।

यह इंडेक्स निफ्टी 50 सूचकांक के शेयर मूल्यों के अग्रिम अनुमान के आधार पर अगले 30 दिनों में बाजार के उतार–चढ़ाव का आकलन करता है। एनएसई ने फरवरी 2014 में इंडिया वोलाटिलिटी इंडेक्स के आधार पर अग्रिम अनुबंधों का कारोबार करना शुरू किया था। वोलाटिलिटी इंडेक्स और निफ्टी 50 इंडेक्स नकारात्मक तरीके से एक–दूसरे से संबद्ध हैं। इसका अर्थ है कि आम तौर पर ये दोनों विपरीत दिशा में जाते हैं।

जब निफ्टी 50 सूचकांक बढ़ता है, तो सामान्य रूप से वोलाटिलिटी इंडेक्स नीचे का रुख करता है। जब वोलाटिलिटी इंडेक्स नीचे जाता है, तो शेयर बाजार में तेजी का माहौल देखने को मिलता है। अभी इंडिया वोलाटिलिटी इंडेक्स 19 के ऊपर है, तो यह माना जा रहा है कि इस सप्ताह भी स्टॉक मार्केट में उथल–पुथल रहेगी, हालांकि सोमवार को बहुत मामूली सुधार देखने को मिला है।

कई विशेषज्ञों में इस बात पर सहमति बनती दिख रही है कि मौजूदा उथल–पुथल की मुख्य वजह लोकसभा चुनाव के परिणामों की अनिश्चितता है। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि सत्तारूढ़ दल को पहले के अनुमानों से कहीं कम सीटें मिल सकती हैं। हालांकि आम तौर पर अभी भी यही अनुमान है कि सत्तारूढ़ दल को तीसरी बार सरकार बनाने का जनादेश मिलेगा, लेकिन सामान्य बहुमत नीतिगत सुधारों को आगे बढ़ाने की क्षमता को प्रभावित कर सकता है।

इन सुधारों में मुख्य रूप से इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाना तथा चीन के एक संभावित विकल्प के रूप में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की हिस्सेदारी में बढ़ोतरी करना शामिल हैं। भाजपा ने अपने चुनाव अभियान की शुरुआत 400 से अधिक सीटें जीतने के दावे के साथ की थी, लेकिन अब लगने लगा है कि ऐसा परिणाम नहीं आयेगा। विभिन्न चरणों में मतदान प्रतिशत में कमी भी बढ़ती चिंता में योगदान कर रही है। चुनाव के दौरान बाजार में उतार–चढ़ाव असामान्य बात नहीं है। वर्ष 2019 में मतों की गिनती से पहले के एक महीने में वोलाटिलिटी इंडेक्स 20 प्रतिशत से अधिक हो गया था।मौजूदा उतार–चढ़ाव में कुछ अन्य कारकों का भी योगदान है। पिछले महीने विदेशी संस्थागत निवेशकों ने लगातार बिकवाली की थी। इस बिकवाली की वजह यह थी कि तब यह साफ हो गया था कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में जल्दी कोई कमी नहीं करेगा। अमेरिकी अर्थव्यवस्था में बढ़ोतरी हो रही है तथा रोजगार के आंकड़े भी बढ़ रहे हैं। लेकिन मुद्रास्फीति अभी उस स्तर पर नहीं आयी है, जैसी फेडरल रिजर्व की इच्छा है।इसलिए फेडरल रिजर्व अभी इंतजार कर रहा है और इसके लिए उसे अच्छे सकल घरेलू उत्पाद और रोजगार के बढ़ते अवसरों से महत्वपूर्ण समय भी मिल रहा है। अमेरिका में अधिक ब्याज दर होना हमेशा भारत समेत अन्य उभरती अर्थव्यवस्थाओं से पूंजी के पलायन के लिए कारक बन सकता है। इसी बीच भारतीय रिजर्व बैंक ने इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए धन मुहैया कराने के संबंध में बैंकों एवं वित्तीय संस्थाओं के लिए नये नियमों का प्रस्ताव रखा, जिससे देनदार और इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों में बेचैनी है।प्रस्तावित नियमों में कर्ज के बढ़ते दबाव की गहन निगरानी का प्रावधान भी है। यदि ये नियम लागू हो जाते हैं, तो इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों द्वारा लिये जाने वाले कर्ज का खर्च बढ़ सकता है। साथ ही, देनदार बैंकों और वित्तीय संस्थानों के मुनाफे पर भी नकारात्मक असर पड़ सकता है। इसी वजह से निवेशकों ने पिछले सप्ताह स्टॉक मार्केट खुलते ही बैंकों, वित्तीय संस्थाओं तथा इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों के शेयरों को भारी मात्रा में बेचना शुरू कर दिया।बीते सप्ताह में सोमवार और मंगलवार को सार्वजनिक उपक्रम पॉवर फाइनेंस कॉर्पोरेशन और रुरल इलेक्ट्रिफिकेशन के शेयरों के दाम में क्रमशः 12.6 और 8.9 प्रतिशत तक की गिरावट देखी गयी।

## प्रवासी भारतीयों की कमाई

**हिमानी रावत**

प्रवासियों द्वारा अपनी कमाई देश वापस भेजने के मामले में भारत फिर पहले स्थान पर आ गया है। संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में विदेशों में कार्यरत भारतीयों ने 111 अरब डॉलर से अधिक रकम देश को भेजा था। विप्रेषित धन का सौ अरब का आंकड़ा छूने और पार करने वाला भारत पहला देश बन गया है। यह उपलब्धि प्रवासी भारतीयों की दक्षता और उनकी बढ़ती कमाई को इंगित करती है। इससे पहले 2010, 2015 और 2020 में भी भारत में सबसे अधिक कमाई आयी थी। भारत के अलावा मेक्सिको, चीन, फिलीपींस और फ्रांस इस मामले में शीर्ष के देशों में हैं। देश आने वाली कमाई विदेशी मुद्रा भंडार में उल्लेखनीय योगदान करती है तथा प्रवासियों के परिवार के जीवन–स्तर को बेहतर करने में बड़ी भूमिका निभाती है। साल 2020 में देश में 83.15 अरब डॉलर की राशि आयी थी, जो 2022 में 111.22 अरब डॉलर हो गयी। इसका अर्थ है कि भारत से अधिक संख्या में लोग काम करने भी जा रहे हैं और उनकी आमदनी भी बढ़ रही है। रिपोर्ट का आकलन है कि भारत के 1।80 करोड़ लोग दूसरे देशों में काम करते हैं, जो हमारी कुल आबादी का 1.3 प्रतिशत है। दुनिया में सबसे अधिक प्रवासी भी भारतीय हैं, जिनमें से अधिकतर संयुक्त अरब अमीरात, अमेरिका और सऊदी अरब में कार्यरत हैं। प्रवासन के गंतव्य देशों की सूची में भारत 13वें स्थान पर है। हमारे देश में 44.8 लाख विदेशी प्रवासी हैं। निश्चित रूप से अधिक भारतीय कामगारों का विदेशों में काम करना संतोषजनक है। आबादी में बड़ी संख्या में युवाओं के होने के कारण इसमें आगामी वर्षों में लगातार बढ़ोतरी की संभावना है। आम तौर पर प्रवासियों द्वारा भेजी गयी रकम के मामले में चीन पहले पायदान पर रहता आया है, लेकिन आबादी में युवाओं का अनुपात कम होने और जन्म दर घटने से वह पीछे होने लगा है। विदेशों में भारतवंशी भी बड़ी संख्या में बसे हैं। दूसरे देशों में भारत एवं भारतीयों को सम्मान से देखा जाता है। विभिन्न देश अपने विकास में भारतीयों के योगदान को आभार के साथ स्वीकार भी करते हैं। यह एक अनुकूल स्थिति है, जिसका पूरा लाभ भारत को उठाना चाहिए। इसके साथ–साथ कामगारों की परेशानियों पर भी समुचित ध्यान दिया जाना चाहिए।

# कान फिल्म फेस्टिवल में 20 मई को लॉन्च होगा कन्नप्पा का टीजर, विष्णु ने जारी किया फिल्म का नया पोस्टर

कन्नप्पा विष्णु मांचू की महत्वाकांक्षी परियोजना है। इस बहुप्रतीक्षित फिल्म को और खास बनाने के लिए विष्णु मांचू पूरी मेहनत कर रहे हैं। फिल्म में कई दिग्गज सितारों की महत्वपूर्ण भूमिकाएं हैं। विष्णु मांचू तेजी से अपनी फिल्म पर काम कर रहे हैं और लगातार बड़ी जानकारियां साझा कर रहे हैं। बीते दिन उन्होंने बताया था कि फिल्म से जुड़ी कोई बड़ी घोषणा करने वाले हैं, जिसके बाद से फैंस लगातार बड़े अपडेट पर नजरे टिकाएं बैठे थे। आखिरकार अब फैंस का इंतजार खत्म हो चुका है। फिल्म को लेकर विष्णु ने बड़ा एलान किया है।



निर्माताओं के जरिए दिए गए संकेत के बाद फैंस कयास लगा रहे थे कि वे आज प्रभास के किरदार का खुलासा करेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ, बल्कि उन्होंने फिल्म के बहुप्रतीक्षित टीजर को लेकर बड़ी घोषणा कर दी। विष्णु ने फिल्म का नया पोस्टर जारी करते हुए फिल्म के टीजर लॉन्च का खुलासा किया। उन्होंने बताया है कि कन्नप्पा का टीजर कान फिल्म फेस्टिवल 2024 में 20 मई को लॉन्च होगा।

फिल्म का नया पोस्टर और टीजर की तारीख साझा करते हुए विष्णु मांचू ने कैप्शन में लिखा, 20 मई को आप सभी को द वर्ल्ड ऑफ कन्नप्पा की एक झलक दिखाने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। इसे कान्स फिल्म फेस्टिवल में लॉन्च किया जा रहा है। कन्नप्पा के टीजर की तारीख का खुलासा करने वाले भव्य पोस्टर में कन्नप्पा बने विष्णु को हाथ में एक भयंकर तलवार पकड़े हुए दिखाया गया है। तलवार का डिजाइन इस बात का खुलासा कर रहा है कि शिव का महान भक्त एक शिकारी था।

फिल्म से जुड़ी लगातार दिलचस्प जानकारियां देने के लिए निर्माता पोस्टर साझा कर रहे हैं। इससे इससे पहले विष्णु ने प्रभास के किरदार का एक पोस्टर भी साझा किया था और बताया था कि वे शूटिंग शुरू कर चुके हैं। विष्णु ने बताया था कि अक्षय ने शूटिंग पूरी कर ली है। साथ ही उन्होंने अक्षय के साथ फिल्म में काम करने का अनुभव भी साझा किया था और अक्षय के साथ अपनी तस्वीरें भी साझा की थीं। वहीं प्रभास के किरदार को लेकर खबर है कि वे फिल्म में कैमियो रोल निभाएंगे। प्रभास फिल्म में नंदी की भूमिका निभाते नजर आएंगे।

## मुझे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोचिंग की कमी खल रही...

इस्लामाबाद। गैरी कर्स्टन अगले दो वर्ष के लिए पाकिस्तान की सीमित ओवरों की क्रिकेट टीम के कोच के रूप में रविवार को इंग्लैंड में पदभार संभालेंगे। पाकिस्तान टीम वेस्टइंडीज और अमेरिका में अगले महीने होने वाले टी–20 विश्व कप की तैयारी के लिए इंग्लैंड के विरुद्ध चार टी–20 मैच खेलेगी।पाकिस्तान ने अभी तक 15 सदस्यीय टीम की घोषणा नहीं की है। कर्स्टन आइपीएल में गुजरात टाइटंस के मेंटोर और बल्लेबाजी कोच थे, लेकिन टीम सोमवार को प्लेआफ की दौड़ से बाहर हो गई।

**पाकिस्तान के खेल को निखारने की कोशिश करूंगा: कर्स्टन**

कर्स्टन ने कहा,"मुझे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कोचिंग की कमी खल रही है। मैं पाकिस्तान क्रिकेट टीम के साथ उनके खेल को निखारने और उनके प्रशंसकों को मुस्कुराने के मौके देने की कोशिश करूंगा।

# संदीप लामिछाने को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत, यौन शोषण मामले से हुए बरी

नई दिल्ली। नेपाल क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान संदीप लामिछाने को पाटन हाईकोर्ट ने संदीप को यौन शोषण के मामले में मिली सजा से बरी कर दिया है। बुधवार को उन्हें जेल से रिहाई मिल गई। अब उनके टी20 वर्ल्ड कप 2024 में खेलने का रास्ता भी साफ हो गया है। जेल से रिहाई मिलने के बाद संदीप लामिछाने को दूसरी अच्छी खबर क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ नेपाल (उअठ) की ओर से मिली। नेपाल क्रिकेट एसोसिएशन ने हाईकोर्ट के फैसले के बाद कहा कि बोर्ड ने संदीप को टी20 वर्ल्ड कप के लिए नेपाल टीम में शामिल करने का फैसला किया है।



**यौन शोषण का है मामला**

यौन शोषण का मामला सामने आने के बाद लेग स्पिनर को नेपाल के कप्तान के पद से निलंबित कर दिया गया था और 2022 में पुलिस द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी करने के बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया था और बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया था।

**काठमांडू जिला अदालत ने सुनाई थी सजा**

काठमांडू जिला अदालत ने जनवरी में लामिछाने को आठ साल की सजा सुनाई थी। साथ ही पीड़िता को जुर्माने और मुआवजे के रूप में लगभग 3,770 डॉलर भी देने का आदेश दिया था। लामिछाने के वकीलों ने कहा कि उच्च न्यायालय, पाटन ने उनकी अपील पर सुनवाई पूरी करते हुए उन्हें रिहा कर दिया।

**फैंस ने किया स्वागत**

खिलाड़ी की वकील सबिता भदारी बराल ने अदालत के फैसले के बाद रॉयटर्स को बताया, "उसे दोषमुक्त किया जाना था और उच्च न्यायालय ने उसे रिहा कर दिया है। वह दोषी नहीं था। हालांकि, रिहाई मिलने के बाद लामिछाने खुश दिखे। उनके फैंस ने जश्न मनाने के लिए पारंपरिक संगीत पाइप बजाए और ढोल बजाए।

# राम पोथिनेनी की डबल आईस्मार्ट के टीजर के रनटाइम से उठा पर्दा, फिल्म के नए पोस्टर ने मचाई धूम

साउथ अभिनेता राम पोथिनेनी और संजय दत्त की बहुप्रतीक्षित फिल्म डबल आईस्मार्ट इस साल सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। फिल्म की शूटिंग से जुड़ी कुछ जानकारियां देने के बाद हाल ही में निर्माताओं ने फिल्म के ट्रेलर को लेकर भी बड़ा अपडेट दिया था। उन्होंने ट्रेलर की रिलीज की तारीख से पर्दा उठाया था। वहीं, अब उन्होंने टीजर के रनटाइम का खुलासा किया है।

निर्माता फिल्म का टीजर रिलीज करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। उन्होंने फिल्म का नया पोस्टर साझा करते हुए टीजर रिलीज का भी खुलासा किया था। निर्माताओं ने घोषणा की थी कि है कि फिल्म का टीजर आज 15 मई, 2024 को लॉन्च किया जाएगा। इस दिन अभिनेता राम पोथिनेनी का जन्मदिन भी है। वहीं अब टीजर सेंसर बोर्ड से पास हो चुका है और निर्माताओं ने इसकी अवधि का भी खुलासा किया है।

फिल्म का टीजर वीडियो 85 सेकंड का होगा। निर्माताओं ने एक्स अकाउंट पर एक नोट साझा करते हुए टीजर के बारे में अपडेट दिया। उन्होंने लिखा, उस्ताद राम पोथिनेनी के आगमन का जश्न मनाने के लिए तैयार हो जाइए। डबल आईस्मार्ट दोगुना मैडनेस की खुराक, टीजर के 85 सेकंड लोड हो रहे हैं। डबल आईस्मार्ट का टीजर आज 15 मई को रिलीज हो रहा है। क्या आप तैयार हैं।इससे पहले टीजर की रिलीज डेट का एलान करते हुए निर्माताओं ने नया पोस्टर भी जारी किया था, जिसमें अभिनेता के किरदार की नई झलक देखने को मिली थी। डबल आईस्मार्ट के जरिए निर्देशक पुरी जगन्नाध और अभिनेता राम पोथिनेनी दूसरी बार साथ काम कर रहे हैं। फिल्म में संजय दत्त महत्वपूर्ण भूमिका में हैं। फिल्म की शूटिंग कुछ दिन पहले मुंबई में शुरू हुई थी। इस हाई–वोल्टेज एक्शन एंटरटेनर के लिए हॉलीवुड सिनेमैटोग्राफर जियानी जियानेली भी काम कर रहे हैं। डबल आईस्मार्ट तकनीकी रूप से बड़े बजट पर बनाया जा रहा है।

## कमल हासन की ठग लाइफ से सिलंबरासन का दमदार लुक हुआ रिवील

साउथ सुपरस्टार कमल हासन अपनी पिछली रिलीज फिल्म विक्रम से धमाका करने के बाद अपनी अपकमिंग एक्शन ड्रामा फिल्म ठग लाइफ से चर्चा में हैं. कमल हासन के फैंस को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है. इस फिल्म को साउथ फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज डायरेक्टर मणिरत्नम डायरेक्ट कर रहे हैं. फिल्म में कमल हासन को मिलाकर सात स्टार हैं और अब फिल्म में आठवें स्टार की भी एंट्री हो गई है. फिल्म में शामिल हुए साउथ स्टार सिलंबरासन टीआर की एंट्री हो गई है. मेकर्स ने सिलंबरासन टीआर का फिल्म ठग लाइफ से एक्शन पैक्ड फर्स्ट लुक शेयर किया है और साथ ही एक एक्शन पैक्ड टीजर भी रिलीज हुआ है.

# अभिषेक शर्मा को जल्द मिलेगी भारतीय कैप', इस साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज की बड़ी भविष्यवाणी

नई दिल्ली। साउथ अफ्रीकी बल्लेबाज एडेन मार्करम ने आईपीएल 2024 में रफ्ल टीम के साथी अभिषेक शर्मा की बल्लेबाजी की सराहना की। मार्करम ने यह भी सुझाव दिया कि अभिषेक को इस सीजन में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय टीम से बुलावा मिल सकता है। बता दें कि रफ्ल 16 मई, गुरुवार कोॅळ का सामना करेगी। इस मैच के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद प्लेऑफ संभावनाओं को मजबूत करना चाहेगी।



**जल्द मिलेगी भारतीय कैप**

मार्करम ने कहा, अभि (अभिषेक) ने इस सीजन में बड़े पैमाने पर रन बनाए हैं। पिछले सीजन में अभिषेख ने इसके सकारात्मक संकेत दिखाए थे। इस सीजन में उसने अब तक जो हासिल किया है, वह उसे एक दिन भारत की कैप जरूर दिलाएगा। पंजाब के इस विस्फोटक बल्लेबाज को 2019 में रफ्ल ने अपने साथ जोड़ा था और उन्होंने फ्रेंचाइजी द्वारा उन पर दिखाए गए सालों के भरोसे का फल दिया है। आईपीएल 2024 में अभिषेक को सलामी बल्लेबाज के रूप में मौका मिला और अभिषेक ने इस मौके को दोनों से लपका है। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने 12 मैच में 205.64 की जबरदस्त स्ट्राइक रेट से 401 रन बनाए हैं।

**हेड के साथ की है रिकॉर्ड तोड़ साझेदारी**

वहीं, हेड और अभिषेक ने अपने आखिरी मुकाबले में एलएसजी के खिलाफ सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। इन दोनों ने 9.4 ओवर में ही 166 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया था। दोनों सलामी बल्लेबाजों ने टी20 क्रिकेट में पहले 10 ओवर में अब तक का सबसे बड़ा स्कोर हासिल किया है। अब तक 11 पारियों में दोनों ने 676 रन बनाए हैं।

## एक नजर

### केदारनाथ धाम में नहीं मिल रहे मोबाइल नेटवर्क, यात्री परेशान

रुद्रप्रयाग : केदारनाथ धाम में कपाट खुलने से लेकर अभी तक संचार सुविधा बेहतर नहीं हो पाई है। बुधवार को भी मोबाइल नेटवर्क नहीं मिलने के कारण केदारनाथ में यात्रियों काफी दिक्कतें उठानी पड़ी। बीएसएनएल के साथ ही निजी कंपनियों के नेटवर्क भी ठीक तरह से काम नहीं कर रहे हैं, जिससे यात्रियों के साथ ही स्थानीय व्यापारी, तीर्थपुरोहित एवं अन्य लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। केदारनाथ धाम में इस बार अभी तक बेहतर संचार सुविधा नहीं हो सकी है। हालांकि बड़ी संख्या में यात्रियों की आवाजाही के कारण यहां मोबाइल नेटवर्क पर अत्यधिक दबाव हो रहा है जिससे कम्युनिकेशन में दिक्कतें पेश आ रही है। केदारनाथ धाम में रह रहे लोगों का कहना है कि संचार सेवा के चलते परिजनों से ठीक तरह से सम्पर्क नहीं हो पा रहा है। विशेषरूप से केदारनाथ धाम और आसपास यह दिक्कत है। बेस कैंप और रुद्राकैंप आते ही मोबाइल नेटवर्क में सुधार हो रहा है। केदारनाथ के तीर्थपुरोहित राजकुमार तिवारी, संतोष त्रिवेदी, रमाकांत शर्मा सहित कई लोगों ने कहा कि केदारनाथ में संचार सेवा को बेहतर किए जाने की जरूरत है। केदारनाथ से सम्पर्क करने और अन्य जगहों से यहां सम्पर्क करने में काफी दिक्कतें आ रही है। बात करते हुए बीच में सम्पर्क कट हो जा रहा है काफी प्रयास करने के बाद एक–दूसरे को कॉल लग रही है। कहा कि बीएसएनएल के साथ निजी कंपनियों की सेवाएं बेहतर की जाएं ताकि स्थानीय लोगों के साथ ही यात्रियों को इसका लाभ मिल सके। (एजेंसी)

### 16 पेटी शराब के साथ एक गिरफ्तार

नई टिहरी : थाना प्रभारी महिपाल सिंह रावत ने बताया कि मंगलवार शाम मुखबिर से पुलिस को अवैध शराब तस्करी की सूचना मिली। एसआई महेंद्र राणा पुलिस टीम के साथ वाहनों की चेकिंग में जुट गए। इसी बीच श्रीनगर की ओर से आ रही एक कार की तलाशी में उसमें अवैध रूप से लाई जा रही अंग्रेजी शराब की 16 पेटियां बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी मनोज पाठक निवासी ग्राम संगौड, बेरीनाग, जिला पिथौरागढ़, हाल निवास संगम विहार थाना नजफगढ़ नई दिल्ली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। (एजेंसी)

### छात्र सपनों को जिंदा रखें

नई टिहरी : कार्यक्रम में शिक्षकों ने अनुभव साझा कर छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। प्रधानाचार्य अमित काला ने छात्र-छात्राओं से अपनी मानसिक क्षमता विकसित कर भविष्य के अवसरों का लाभ उठाने को कहा। बाल सखा प्रभारी और प्रवक्ता भूगोल पीएस उछोली ने अध्यापन, आईटीआई सहित विभिन्न क्षेत्रों में कॅरियर की जानकारी दी। प्रवक्ता पीयूषमणि धस्माना ने कहा कि अपने सपनों को जिंदा रखें, स्वयं की क्षमता पहचानें, जीवन में जो करें अपने मन की आवाज सुनकर करें। प्रवक्ता सोहनलाल कलूड़ा ने कहा कि दसवीं के बाद अपनी इच्छा और क्षमता अनुसार विषयों का चुनाव करें। (एजेंसी)

### जेसीबी दुर्घटना में एक की मौत

चमोली : थाना प्रभारी गोविन्दघाट लक्ष्मी प्रसाद ने बताया कि घटना रात करीब साढ़े बारह बजे के करीब हुई। जेसीबी बदरीनाथ क्षेत्र में निर्माण कार्य कर रही एक कंपनी की भारी मशीनों से लदे वाहनों को पार करवा रही थी। विष्णुप्रयाग से 500 मीटर पहले पैंका पुल के पास दुर्घटनाग्रस्त होकर उफनती अलकनन्दा नदी में समा गई। दुर्घटना की सूचना पर गोविन्दघाट पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। जेसीबी में चालक 30 वर्षीय विपिन भट्ट पुत्र राधाकृष्ण भट्ट निवासी पोखरी बंगथल, चमोली और 26 वर्षीय लक्ष्मण सिंह पुत्र हयात सिंह निवासी ग्राम नारंगी, नन्दानगर घाट जिला चमोली सवार थे।

### अध्यक्ष के लिए कांग्रेस में 18 दावेदार

चमोली : निकाय चुनाव को लेकर बुधवार को कांग्रेस की बैठक हुई। पार्टी के पर्यवेक्षक और प्रदेश प्रवक्ता कमल रतूड़ी ने कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारियों में जुटने को कहा। नगर पालिका गोपेश्वर में निकाय चुनाव को लेकर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में उन्होंने दावा किया कि जनता आगामी निकाय चुनाव और बदरीनाथ विधानसभा सीट कांग्रेस को जिताएगी। कांग्रेस पर्यवेक्षक ने बताया कि गोपेश्वर नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए प्रमोद बिष्ट, अरविन्द नेगी, राजेंद्र लाल, राम सिंह बिष्ट ने अपनी दावेदारी पेश की है।

# फिर जलने लगे जंगल, हर तरफ फैला धुएं का गुब्बार

### पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार धधक रहे जंगल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कुछ दिन पूर्व हुई बारिश के बाद जंगलों की आग शांत हो गई थी। लेकिन, फिर से पारा चढ़ने के साथ आग दोबारा धधकने लगी है। बुधवार को देवीखाल से गुमखाल को जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास जंगलों में भयंकर आग लगी हुई थी। धुएं के कारण वाहन संचालकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

लगातार पारा चढ़ने के साथ ही जंगलों में आग लगने की घटना बढ़ रही है। अप्रैल माह के अंत से ही लगातार जंगल धधक रहे थे। स्थिति वन विभाग के कंट्रोल से भी बाहर हो चुकी थी। ऐसे में तीन दिन पूर्व हुई बारिश ने जंगलों की आग को शांत किया। लेकिन, अब दोबारा पारा चढ़ने के साथ ही जंगलों में आग की घटना बढ़ने लगी है। देवीखाल-



नजीबाबाद–बुआखाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर देवीखाल से गुमखाल के मध्य जंगल में लगी आग

गुमखाल के मध्य आग लगने से कई हैक्टेयर क्षेत्र में फैली वन संपदा जल कर खाक हो गई। आग गांव व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों तक न पहुंचे इसके लिए ग्रामीण आसपास के क्षेत्र में चीड़ की पत्तियों को साफ करते हुए नजर आए। धुएं के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग में भी गहरी धुंध छाई हुई थी। जंगलों में आग लगने से प्राकृतिक स्रोतों पर भी खतरा मंडराने लगा है। देवीखाल से गुमखाल के मध्य कई गांव में पानी का फोर्स बिल्कुल कम हो गया है। ऐसे में यदि आग इसी तरह लगी रहती तो पेयजल संकट और अधिक गहरा सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि जंगल में कई प्राकृतिक स्रोत तो पूरी तरह खत्म हो गए हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में ग्रामीणों के लिए प्राकृतिक स्रोत से ही पेयजल योजना बनाई गई है।

# वीरांगनाओं की मदद का संकल्प

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** गौरव सैनिक पैराशूट रेजिमेंट विशेष बल समिति ने वीरांगनाओं की मदद के लिए आगे आने का संकल्प लिया है। इस दौरान संगठन की मजबूती को लेकर भी चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता अनिल भारद्वाज ने की। वक्ताओं ने कहा कि संगठन का मुख्य उद्देश्य समाजिक क्षेत्र में कार्य करना है। इसके लिए पदाधिकारी व सदस्य पूरी गंभीरता से कार्य कर रहे हैं। संगठन के संरक्षक मोहन गुसाईं ने जल्द ही संगठन का बैंक अकाउंट खोलने की बात कही। दान सिंह नेगी ने कहा कि संगठन वीर नारियों के घर जाकर उनकी समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण करेगा। इसके लिए संगठन की विशेष टीमें भी गठित की जाएंगी। बलवान सिंह रावत ने कहा कि शहर में लगातार जनसंख्या बढ़ती जा रही है। कई लोगों ने नाली व गूल पर अतिक्रमण कर दिया है। कहा कि सिंचाई विभाग व नगर निगम को इस ओर ध्यान देना चाहिए। इस मौके पर गजराज सिह नेगी, राम सिंह रावत, कमलेश्वर प्रसाद, चंद्र शेखर चौहान, अनूप ध्यानी, बिजेंद्र सिंह रावत, गोपाल सिंह नेगी, उपेन्द्र सिंह रावत, डबल सिह, पुष्कर सिंह रावत, सोहन सिंह गुसाईं, जसपाल सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# वीर शहीदों के बलिदान को किया याद

**जयन्त प्रतिनिधि।कोटद्वार :** 26 असम राइफल्स का 39वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान सदस्यों ने देश की रक्षा में अपना बलिदान देने वाले वीर शहीदों के योगदान को याद किया। पदमपुर स्थित एक बारात घर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सदस्यों ने दो मिनट का मौन धारण कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कहा कि देश की सीमा पर खड़े वीर सैनिकों के कारण ही आज हम देश में सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इस मौके पर असम राइफल्स पूर्व सैनिक कल्याण संगठन के अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, शोभन सिंह नेगी, कृष्ण चंद्र, प्रेम वल्लभ, अनूप नेगी, पूरन सिंह आदि मौजूद रहे।

### पांच लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**जयन्त प्रतिनिधि। थलीसैंण :** अवैध नशे का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। नशा तस्कर बेखौफ मादक पदार्थों की तस्करी कर रहे है। थलीसैंण पुलिस ने मंगलवार देर शाम को चेकिंग के दौरान पांच लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की है। पुलिस ने बुधवार को आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थलीसैंण के थाना प्रभारी सुनील पंवार ने बताया कि पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान पटिंडा यात्री शेड के पास से आरोपी रोहित निवासी स्यूंसी से पांच लीटर कच्ची शराब बरामद की।

पुलिस टीम में बीरोंखाल चौकी के कांस्टेबल राकेश गुसाईं और मनोज शामिल रहे।


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम त्रुटिपूर्ण प्रिशा सजवाल अंकित हो गया है, जबकि मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम जियाना सजवाल है। अतः मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका सही व वास्तविक नाम जियाना सजवाल अंकित कर जन्म प्रमाण पत्र निर्गत किया जाय।

**पंकज कुमार पुत्र गणेश कुमार निवासी ध्रुवपुर, पोस्ट ऑफिस पदमपुर सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(0157/21)

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सैन्य अड्डिलेखों में मेरी पत्नी पूजा देवी व मेरी माता श्रीमती शीला देवी की जन्मतिथि अंकित नहीं है व मेरी पुत्री का नाम कुमारी विधि अंकित है, जो कि गलत है। मेरी पत्नी पूजा देवी के समस्त दस्तावेजों में जन्मतिथि 01/07/1979 व मेरी माता श्रीमती शीला देवी के समस्त दस्तावेजों में जन्मतिथि 01/01/1932 व मेरी पुत्री के समस्त दस्तावेजों में मेरी पुत्री का नाम विधि है, जो कि सही व सत्य है। अतः मेरे सैन्य अड्डिलेखों में मेरी पत्नी पूजा की जन्मतिथि 01/07/1979 व मेरी माता श्रीमती शीला देवी की जन्मतिथि 01/01/1932 व मेरी पुत्री का नाम विधि दर्ज किया जाय।

**No. 75990X हवलदार जी.डी. सुरेश कुमार पुत्र स्व. श्री माल सिंह निवासी ग्राम पदमपुर, पट्टी सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(0158/21)


# 119 आरक्षी एसएसबी का अभिन्न अंग बनें 119 नव आरक्षी

श्रीनगर गढ़वाल : कठिन प्रशिक्षण के बाद बुधवार को 119 प्रशिक्षु आरक्षी सशस्त्र सीमा बल के अभिन्न अंग बने। एसएसबी प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित दीक्षांत परेड में आरक्षी प्रशिक्षुओं ने पद और कर्तव्यों की शपथ ली।मुख्य अतिथि एसएसबी बल मुख्यालय नई दिल्ली के (आसूचना) महानिरीक्षक छेरिंग दोरजाई ने एसएसबी शहीद स्मृति स्थल पर शहीद जवानों को श्रद्धाजंलि अर्पित कर परेड का निरीक्षण कर सलामी ली। दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान में यह बल भारत-नेपाल और भारत-भूटान के मध्य अंतर्राष्ट्रीय सरहदों की सुरक्षा के दायित्व को संभाले हुए है। कहा कि ऐसी संवेदनशील और खुली सीमाओं की पूर्ण रक्षा करना जटिल कार्य है। कहा कि मुझे आशा है कि आप महान जनहितैशी बल के सदस्य के रूप में शामिल होकर देश की सेवा करेंगे। एसएसबी श्रीनगर के उपमहानिरीक्षक सुभाष चंद्र नेगी ने बताया कि आरक्षी प्रशिक्षुओं को 32 सप्ताह के कठिन प्रशिक्षण की अवधि में शारीरिक और मानसिक तौर पर क्षमता प्रदान करने का पूरा प्रयास किया गया है। जिसे बल की निरंतर बढ़ती हुई जिम्मेदारियों में यह सभी सशक्त एवं सफल सैनिक का दायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन कर सकें। कहा कि सशस्त्र सीमा बल के सभी कर्तव्य चाहे वह नेपाल-भूटान सीमा पर हो या निम्न तीव्रता संघर्ष, प्रतिविद्रोहिता, नक्सली विरोधियों, आंतरिक सुरक्षा या कानून व्यवस्था बनाने का काम प्रशिक्षण में सिखाया गया है। (एजेंसी)

### टेबल टेनिस टूर्नामेंट 24 से

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** रोटरी क्लब की ओर से युवा प्रोत्साहन कार्यक्रम एवं सामुदायिक सेवा के अन्तर्गत 24 से 26 मई तक तीन दिवसीय रोटरी ओपन टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा।

बुधवार को यह जानकारी रोटरी अध्यक्ष कुलदीप अग्रवाल ने दी।उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट का आयोजन नजीबाबाद रोड स्थित रोटरी भवन में किया जाएगा। प्रतियोगिता ओपन जूनियर ब्वॉयज सिंगल्स, ओपन सब जूनियर ब्वॉयज सिंगल्स, ओपन जूनियर गर्ल्स सिंगल्स, ओपन पुरुष एकल, ओपन महिला एकल और ओपन वेटेरन्स सिंगल्स (50 वर्ष से अधिक) कैटेगरी में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता का संयोजक वाई पी गिलरा और उपसंयोजक कमल गुप्ता, सचिन गोयल को बनाया गया है। टूर्नामेंट में प्रवेश व शुल्क जमा करने की अन्तिम तिथि 22 मई 2024 रखी गई है।

# बोर्ड परीक्षा के अव्वल विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : आदर्श विद्यालय राजकीय इंटर कॉलेज के अभिभावक-शिक्षक संघ की ओर से बुधवार को छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान उत्तराखंड हाईस्कूल और इंटर बोर्ड परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विभिन्न विद्यालयों के 29 छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।




कार्यक्रम में बच्चों को सम्मानित करते सदस्य

समारोह का आरंभ पीटीए अध्यक्ष महेंद्र कुमार अग्रवाल ने दीप जलाकर किया। उन्होंने कहा कि आज के छात्र-छात्राएं कल के देश का भविष्य हैं। कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में प्रतिस्पर्द्धा की भावना जागृत करना है, ताकि वे मेहनत कर अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हों। मुख्य अतिथि पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सुदर्शन बिष्ट ने छात्रों को लक्ष्य निर्धारित कर उसे हासिल करने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्य मुकेश रावत ने कहा कि अन्य छात्रों को मेधावी छात्रों से प्रेरणा लेकर परीक्षा में उच्च प्रदर्शन करना चाहिए। कार्यक्रम में केसर सिंह, आरपी पंत, सुरेंद्र लाल आर्य, नरेंद्र अग्रवाल, विजय माहेश्वरी, गोपाल बंसल, राकेश अग्रवाल, भगवान सिंह नेगी और मनमोहन चौहान सहित अभिभावक मौजूद रहे।

# सरगम अध्यक्ष व अदिति बनी सचिव

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : भाबर क्षेत्र के कलालघाटी स्थित शहीद लांस नायक धनवीर सिंह राणा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में बुधवार को छात्रा परिषद का गठन किया गया। इस दौरान विभिन्न समितियों का भी गठन करते हुए छात्राओं को दायित्व सौंपा गया।

इस मौके पर सरगम को छात्रा परिषद अध्यक्ष, पिया डबराल को उपाध्यक्ष और अदिति को सचिव चुना गया।




आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी

साथ ही कशिश को क्रीड़ा समिति अध्यक्ष, अंजलि को उपाध्यक्ष, प्रीति आर्य को सांस्कृतिक समिति अध्यक्ष, खुशबू को उपाध्यक्ष, कीर्ति धस्माना को साहित्यिक समिति अध्यक्ष, आस्था को उपाध्यक्ष, मीनल को विज्ञान समिति अध्यक्ष, सामिनी को उपाध्यक्ष और खुशी अनुशासन को समिति अध्यक्ष व जानकी भट्ट को उपाध्यक्ष बनाया गया। प्रधानाचार्य पुष्पा धस्माना ने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्हें आशा है कि सभी पदाधिकारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन अच्छे ढंग से करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय गतिविधि प्रभारी डॉ. मंजू कपरवाण, उषा रावत, किरन जागरवाल, ऋतु थपलियाल, सुमन लता और निधि बुडाकोटी आदि शिक्षिकाओं सहित समस्त छात्राएं उपस्थित रहीं।

# बेरीनाग में वरीयता सूची में आए छात्रों को किया गया सम्मानित

पिथौरागढ़। हिमालया इंटर कॉलेज चौकोड़ी ने सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में अव्वल छात्रों को सम्मानित किया गया। बुधवार को हुए कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र कुमार ने दीप जलकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख विनीता बाफिला, सतीश जोशी, नंदन सिंह बाफिला रहे। बुधवार को हुए कार्यक्रम में दसवीं की वरीयता सूची में स्थान बनाने वाले छात्र रजत मारकूना, परीक्षित बिष्ट, आरती जोशी, शशांक जोशी, रोहित कुमार तथा इंटरमीडिएट में विवेक कोरंगा तथा रिया जोशी को सम्मानित किया गया। वहीं यूके बोर्ड की दसवीं में शत प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा प्रियांशी रावत, विवेक तिवारी व शिखर कोहली को भी सम्मानित किया गया। साथ ही बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले नौ छात्रों को भी सम्मानित किया गया। शिक्षा के प्रोत्साहन के लिए दिए जाने वाले दादू अवार्ड के तहत कक्षा तीसरी से लक्षिता भौरियाल, कक्षा चार से दीपिका विश्वकर्मा, कक्षा पांचवीं से तनुजा पंत, हिमानी भंडारी तथा कक्षा सातवीं से नव्या पांगति, रोशनी मेहरा, कक्षा आठवीं से दीपिका पंत, भावना भट्ट, कक्षा 9वी से ज्योति राठौर, कक्षा 11 से आरती जोशी, कक्षा 12 से सपना मेहरा, दिया भौरियाल तथा विज्ञान पुरस्कार के लिए कक्षा 11 से मौली पंत और कक्षा 10 से निहारिका जोशी को सम्मानित किया गया। इस दौरान चंद्र प्रकाश कार्की, मनोज कुमार सानी, मायादत्त जोशी, दीप पंत, हरीश चुफाल, ब्लॉक समन्वयक जगदीश राज, संकुल समन्वयक दीवान सिंह कठायत, संजय कोहली, अभिभावक संघ अध्यक्ष रेखा महर, विद्यालय संस्थापक चंद्र सिंह कार्की, सह संस्थापक पार्वती कार्की, प्रधानाचार्य देवबाला बिष्ट, उप प्रधानाचार्य भूपेंद्र पपोला।


## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता / मुख्यालय / मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No. Date | 19-DRM-MB-24-25 dt. 13.05.2024 | 22-DRM-MB-24-25 dt. 13.05.2024 |
|---|---|---|
| Name of Work | Heavy repair to staff quarters, prevention of water logging, improvement to kitchen and toilet and strengthening of doors to prevent theft in Harthala Rly colony/MB | CTR work of 1.092 in the jurisdiction of SSE/P-Way/MB under ADEN/HQ/MB |
| Tender Closing Date Time | 10.06.2024 | 10.06.2024 |
| Advertised Value (Rs.) | 53,53,791.03 | 51,99,999.72 |
| Earnest Money (Rs.) | 1,07,100.00 | 1,04,000.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 00.00 | 00.00 |
| Bidding Start Date | 27.05.2024 | 27.05.2024 |
| Period of Completion | 04 Months | 06 Months |

पत्रांक:- 75-W/2/3/WA/Publicationn दिनांक: 13.05.2024 1467/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# दिसंबर माह तक बन जाएगा मालन पुल : ऋतु

### विस अध्यक्ष ने किया मालन नदी पर धाराशायी हुए पुल का निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने वर्षाकाल के दौरान धराशायी हुए पुल का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को जल्द से जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

कहा कि दिसंबर माह तक पुल मरम्मत का कार्यपूर्ण होने के बाद इस पर वाहनों का संचालन करवा दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की सड़कों का भी निरीक्षण किया।

विस अध्यक्ष ने सिंचाई विभाग व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। मालन पुल का निरीक्षण करने के बाद उन्होंने चिल्लरखाल सिगड्डी पहुंचकर आमजन की समस्याओं को सुना। साथ ही अधिकारियों को भी जल्द जनसमस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए। कहा कि अधिकारी जनता



निर्माण कार्यों का निरीक्षण करती विस अध्यक्ष

की समस्या को गंभीरता से लेते हुए उनका निराकरण करें। साथ ही सड़क व अन्य कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। कहा कि आपदा से बचाव के लिए पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। उन्होंने सिगड्डी स्रोत व तेली स्रोत में चल रहे कार्यों का निरक्षण भी किया। इस मौके पर सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता अजय जॉन, पीडब्ल्यूडी अधिशासी अभियंता डी.पी सिंह, राजेंद्र बिष्ट, राम सिंह, नंदन सिंह, पुष्प देवी, अंजू देवी, राजू, दीपा आदि लोग उपस्थित रहे।

### 3 से 12 जुलाई तक चण्डीगढ़ में होगी मेडिकल असिस्टैंट कैडर की भर्ती

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : वायुसेना चयन केंद्र रेस कोर्स नई दिल्ली एवं एयरफोर्स चण्डीगढ़ की ओर से आगामी 03 से 12 जुलाई 2024 तक एयरफोर्स स्टेशन, चण्डीगढ़ में मेडिकल असिस्टैंट कैडर की भर्ती आयोजित की जायेगी। रैली में भाग लेने के लिए उम्मीदवारों को पहले पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा।

सार्जेंट दीपक केशरी ने बताया कि वायुसेना में नौकरी पाने का युवाओं के लिए सुनहरा मौका है। कहा कि पुरूष उम्मीदवारों के लिए एयरमैन मेडिकल असिस्टेंट और मेडिकल असिस्टेंट भर्ती रैली होगी।

शैक्षणिक योग्यता के लिए उम्मीदवार का न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ भौतिक, रसायन विज्ञान, बायोलॉजी और अंग्रेजी विषयों में केंद्रीय, राज्य और केंद्रशासित प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्डों से इंटरमीडिएट समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पंजीकृत उम्मीदवारों को प्रोविजनल एडमिट कार्ड जारी करके भर्ती रैली में उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी।

# वनों की सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** वन सुरक्षा के लिए राजकीय इंटर कॉलेज बंदूण व ग्रामीणों की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान विद्यार्थियों ने अधिक से अधिक लोगों को वनों की सुरक्षा के लिए जागरूक करने का भी संकल्प लिया। वन अग्निशमन व रोकथाम परियोजना के तहत द हंस फाउंडेशन के तत्वावधान में विद्यार्थियों ने बंदूण गांव में जागरूकता रैली निकाली। हाथों में श्लोगन की तख्तियां पकड़े विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को वन सुरक्षा का संदेश दिया। कहा कि गर्मी के मौसम में जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ने लगती है। ऐसे में हम सभी को एकजुट होकर जंगलों की रक्षा करनी होगी। कहीं भी जंगल में आग लगने पर इसकी सूचना तुरंत वन विभाग को दें। वन दरोगा संजय कंडारी, प्रमाद वर्मा ने बताया कि जंगलों में आग लगाने वालों के खिलाफ वन विभाग लगातार कार्रवाई




राइंका बंदूण में जंगलों को वनों से सुरक्षा के लिए जागरूकता रैली निकालते विद्यार्थी व ग्रामीण

कर रहा है। ऐसे लोगों की सूचना ग्रामीणों को वन विभाग को देनी चाहिए। इस मौके पर हंस फाउंडेशन के ब्लाक कॉर्डिनेटर संजय बजवाल, संदीप, किरन, शोभा आदि मौजूद रहे।


## मुख्यालय 9 (स्वतंत्र) पर्वतीय ब्रिगेड ग्रुप, जोशीमठ क्षेत्र हेतु 600 पोर्टर की आवश्यकता

1. पोर्टर कम्पनी जोशीमठ क्षेत्र हेतु 600 पोर्टस कि आवश्यकता है जिसकी सेवा अवधि 179 दिन या उससे कम समय कि होगी। आवेदन आनलाईन रजिस्टेशन द्वारा किया जायेगा।

2. वेतन भत्ते (प्रस्तावित)

| क्रम सं0 | संवर्ग | रिक्तियों की सं0 | मूल वेतन | दैनिक भत्ता (50%) | फील्ड ऐरिया एलांउस/ हाई एल्टी टयूड 15% | कुल वेतन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | पोर्टर, सहायक, धोबी, नाई, दर्जी, कुक, सफाईवाला | 600 | रू 18000/- | रू 9000 | रू 2700/- | रू 29700/- |

\# राजमिस्त्री को प्रमुखता दी जायेगी क्योंकि इसमें अधिकतम निर्माण कार्य शामिल है एवं इसके अतिरिक्त जे0सी0वी चालक, इलेक्टिशियन, पलम्बर, कारपेंटर और वेल्डर भी शामिल है।

**3. पात्रता मापदण्ड :-**

(क) भारत का नागरिक होना चाहिए, अथवा नेपाल या भूटान के नागरिक (आवश्यक शर्त पर)।
(ख) आयु 01 जनवरी 1985 से 01 मई 2006 तक 18 से 40 वर्ष के मध्य होनी चाहिए।
(ग) चिकित्सीय रूप से फिट होना चाहिए।
(घ) पुलिस अभिलेख में कोई राजयामाफता नहीं होनी चाहिए।
(ड) प्रधानमंत्री जीवन ज्योती बीमा पॉलिसी एवं आयुष्मान कार्ड किया होना आवश्यक है।
(च) रजिस्ट्रेशन दिये गये वेबसाइट पर नामांकन विज्ञापन की तिथि से प्रारम्भ होकर सात दिन तक मान्य रहेगा।
(छ) एस0बी0आई में सेविंग बैंक खाता होना अनिवार्य है।
(ज) परिक्षण/साक्षात्कार का स्थान जे0पी0 ग्राउण्ड, रविग्राम जोशीमठ।

**4. अभ्यर्थी द्वारा लाये जाने वाले आवश्यक पत्र :-**

(क) फोटो ग्राफ - स्वयं-04, उत्तराधिकारी सहित संयुक्त फोटो ग्राफ - 04।
(ख) राजपत्रित अधिकारी एवं ग्राम पंचायत के द्वारा 01 जनवरी 2024 अथवा इसके बाद का जारी आचरण प्रमाण पत्र।
(ग) जन्म तथा शैक्षिक प्रमाण पत्र।
(घ) आधार कार्ड एवं वोटर आईडी कार्ड।
(ड) निकटतम थाने एवं पटवारी क्षेत्र से 6 माह के अन्दर की पुलिस जांच प्रमाण पत्र।
(ड) प्राधिकृत चिकित्सा मेडिकल जांच रिपोर्ट।
(च) एस0बी0आई0 बैंक पासबुक एवं उसकी दो छायाप्रतिलिपि (जन धन योजना वाला खाता स्वीकार्य नहीं होगा)।
(छ) प्रधानमंत्री जीवन ज्योती बीमा पॉलिसी एवं आयुष्मान कार्ड।

5. रैली के दौरान शारिरिक माप दण्ड मापे जायेगें (Physical Fitness) इसलिए अभ्यिर्थीयों से निवेदन है कि वह शारिरिक क्षमता को बनाये रखे।

6. विस्तृत जानकारी हेतु दिशा निर्देश लिंक पर दिया गया है। यह लिंक 16 मई 24 को सुबह 06:00 बजे से 21 मई 24 संख्या के 06:00 बजे तक खुला रहेगा। रजिस्ट्रेशन के अनुसार ही अभ्यार्थी को 24 मई 24 से 28 मई 24 के बीच भर्ती के लिए बुलाया जायेगा। अभ्यार्थी Chrome/Google link : https://shorturl.at/BLV46 पर रजिस्ट्रेशन करें।

## एक नजर

### खुले एवं सार्वजनिक स्थान पर शराब पीना पड़ा महंगा

चमोली : इंस्पेक्टर जोशीमठ राकेश चन्द्र भट्ट ने बताया कि सार्वजनिक जगहों पर शराब पीने वालों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई कर रही है। बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान खनोटी नाले के निकट चार लोगों को खुले में शराब पीते हुए पकड़ा। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ऐक्ट में चालान कर जुर्माना वसूला गया। बताया कि पुलिस की ओर से लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। (एजेंसी)

### पालीगाड़ में व्यवसायियों और यात्रियों ने किया प्रदर्शन

उत्तरकाशी : यमुनोत्री जाने से रोके जाने पर नाराज यात्रियों और स्थानीय कारोबारियों ने पालीगाड़ में बुधवार को जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। कारोबारियों ने सरकार पर यात्रा में व्यवस्था न बनाने का आरोप लगाया। बुधवार को यमुना घाटी होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष सोबन सिंह राणा के नेतृत्व में क्षेत्र के कारोबारी यमुनोत्री हाईवे के पालीगाड़ पहुंचे। उनके साथ यात्री भी शामिल हो गए। यात्रा में अव्यवस्था का आरोप लगा जुलूस निकाल प्रदर्शन किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष राणा ने कहा है कि यमुनोत्री धाम की यात्रा शुरू हुए छह दिन हो गए हैं, अब तक यात्रा मार्ग पर अवस्थाएं फैली हुई है। यात्रियों को जगह-जगह दस से बारह घंटे तक रोका जा रहा है। (एजेंसी)

### पैदल मार्ग पर पानी बहने से यात्रियों को दिक्कतें

उत्तरकाशी : यमुनोत्री धाम के अंतिम पड़ाव जानकीचट्टी में पैदल मार्ग पर नाली, बंद होने से पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे पैदल आने–जाने वाले श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों को दिक्कत उठानी पड़ रही है। स्थानीय निवासी राकेश रावत, महावीर पंवार, रणबीर राणा आदि का कहना है कि जानकी चट्टी से यमुनोत्री जाने वाले इस पैदल मार्ग पर नाली बंद हो गया है, जिस कारण पानी सीधे रास्ते में बह रहा है। इससे पैदल मार्ग पर फिसलने का खतरा बना हुआ है। मार्ग पर चलने से तीर्थ यात्रियों को दिक्कतें हो रही हैं। (एजेंसी)

### दून मेडिकल कॉलेज के छात्रों को बैलिस्टिक और आग्नेयास्त्र का दिया प्रशिक्षण

देहरादून। दून मेडिकल कॉलेज के फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के छात्रों को बैलिस्टिक और आग्नेयास्त्र के बारे में पुलिस लाइन में प्रशिक्षण दिया गया। मंगलवार को शुरू हुआ यह प्रशिक्षण दो दिन तक चलेगा। यह कार्यक्रम फोरेंसिक मेडिसिन दिवस के तत्वावधान में आयोजित किया गया था, जो 12 मई को मनाया जाता है।

राजकीय दून मेडिकल कॉलेज की तरफ से प्राचार्य डॉ आशुतोष सयाना के निर्देश पर एमबीबीएस छात्रों के लिए अन्तर्विभागीय और अंतर–संस्थागत सहयोग के द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए दो दिवसीय बैलिस्टिक्स और आग्नेय अस्त्र की प्रदर्शनी और शिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें इंस्पेक्टर संजय उप्रेती के दिशानिर्देश में संदीप खर्कवाल ने प्रदर्शनी और ट्रेनिंग कराई। फॉरेंसिक मेडिसिन विभागाध्यक्ष डॉ. नीरज कुमार ने कहा कि छात्र जो कि भविष्य के डाक्टर हैं, यह उनको मेडिकोलीगल कार्यों में रुचि बढाने, व्यापक परिप्रेक्ष्य हासिल करने, टीम वर्क में काम करने और समस्याओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद करेगा। चूँकि मेडिकोलीगल कार्यों से चिकित्सा तंत्र, पुलिस विभाग, न्यायतंत्र और समाज सभी जुड़े रहते हैं। इस दौरान पुलिस विभाग से प्रतिसार निरीक्षक द्वितीय मधु रावत, डॉ कमल किशोर, डॉ संजय सिंह, डॉ मैत्रेयी धार, डॉ पूजा सिंह और छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

### डीएवी और गुरुकुल कांगड़ी मिलकर करेंगे शोध

देहरादून। राज्य के सबसे बड़े महाविद्यालय डीएवी पीजी कालेज व गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार शिक्षा व शोध के क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे। दोनों के बीच मंगलवार को करार हुआ।

डीएवी के प्राचार्य डा. एसके सिंह ने बताया कि दोनों शैक्षणिक संस्थानों के बीच स्नातक व परास्नातक शिक्षण तथा शोध एवं अनुसंधान कार्य में इस समझौते के बाद सहयोग हो सकेगा। इसके अलावा दोनों अपने विशेषज्ञों, लाइब्रेरी, संसाधनों और शोध सुविधाओं को भी साझा कर सकेंगे। विवि के रजिस्ट्रार प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि इस आपसी तालमेल से नई शोध परियोजनाओं, कांफ्रेंस, सेमिनार आयोजन, छात्रों का एक दूसरे के परिसर में शैक्षणिक भ्रमण सहित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रतिभाग संभव होगा।

# भगवान कार्तिक स्वामी के मंदिर में भव्य 108 बालमपुरी शंख पूजा एवं हवन कार्यक्रम का आयोजन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : उत्तराखंड पर्यटन विकास द्वारा जनपद के क्रौंच पर्वत में स्थित कार्तिकेय स्वामी मंदिर में भव्य 108 बालमपुरी शंख पूजा व हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पर्यटन विभाग उत्तराखंड सरकार के विशेष कार्याधिकारी (ओएसडी) भाष्कर खुल्बे, अपर सचिव यूकाडा सी रविशंकर, जिलाधिकारी सौरभ गहरवार एवं दक्षिण भारत से आए शिवाचार्य व गुरुजनों ने पूजा अर्चना की। इस अवसर पर ड्रोन कैमरे के माध्यम से श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की गई। पदम श्री शिवमणि व उनके साथियों द्वारा अपनी प्रस्तुति भी दी गई। साथ ही शिवाचार्यों व गुरुजनों व अतिथियों को सम्मानित भी किया गया।



इस अवसर पर विशेष कार्याधिकारी भाष्कर खुल्बे ने कहा कि कार्तिक स्वामी मंदिर में 108 बालमपुरी शंख से पूजा व हवन एवं दक्षिणा वर्त से स्वामी कार्तिकेय का भव्य जलाभिषेक किया गया। कहा कि भगवान का आशीर्वाद का प्रतीक है कि हम सब यहां पर आज उपस्थित हैं तथा भगवान का आशीर्वाद हमें अभी तक मिला है आगे भी मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि विकास की सीमा जो हमने कभी तय नहीं की हैं उनको पाकर चारधाम एवं कार्तिकेय स्वामी मंदिर में ऐसा परिवेश बनाएंगे जिससे सभी को आस्था, भक्ति और प्रेम का संगम सबको मिले। तमिलनाडु के 6 मठों से मुर्गन की पूजा करने वाले लोग बुधवार को कार्तिकेय को प्रणाम करने आए हैं तथा पारस्परिक संबंध इतना सुंदर बना है कि भारत को जोड़ने का एक तरीका है आस्था सबको साथ मिला ले इससे बड़ा कोई प्रमाण नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि भगवान से यही कामना है हम सब पर आशीर्वाद बना रहे। इस अवसर पर अपर सचिव यूकाडा सी रविशंकर ने कहा कि पृथ्वी की परिक्रमा करने के बाद कार्तिकेय स्वामी यहां पर पहुंचे तो गणेश को श्रेष्ठ पद दिया गया है जिसके बाद कार्तिकेय ने अपनी माँ पार्वती से नाराज होकर यहाँ पर तपस्या की। इसके बाद कार्तिकेय दक्षिण भारत को चले गए। जहां उनकी मुरगन स्वामी के नाम से विशेष रूप से आराधना की जाती है। कार्तिक स्वामी मंदिर व कार्तिकेय स्वामी के जीवन के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि उत्तर भारत का यह कार्तिकेय स्वामी का एकमात्र मंदिर है। दक्षिण भारत में तमिलनाडु में भगवान कार्तिकेय के बहुत अनुयायी हैं तथा आज दक्षिण के शिवाचार्य आए हैं तथा सभी अनुयायी देश के आगे बढ़ने की कामना कर रहे हैं। उन्होंने कार्यक्रम में शामिल होने पर सभी शिवाचार्य, गुरुजनों एवं भक्तजनों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी सौरभ गहरवार ने कार्तिक स्वामी मंदिर आगमन पर मुख्य पुजारियों, शिवाचार्यों एवं मुख्य अतिथियों का स्वागत किया।

# ईओ पर लगाया जनसुविधाओं को लेकर लापरवाही का आरोप

नई टिहरी : पांच वर्ष पूर्व अस्तित्व में आई नगर पंचायत चमियाला में बुनियादी सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। जहां पर पेयजल, शौचालय, साफ सफाई व सुरक्षा की दृष्टि से लगाए गए सीसीटीवी कैमरे खराब होने से लोगों को सुविधाएं नहीं मिल पा रही है। बुधवार को लोगों ने नगर पंचायत के ईओ पर जनसुविधाओं को लेकर लापरवाही का आरोप लगाते हुए उनके स्थानांतरण की मांग की है। स्थानीय निवासी भरत सिंह नेगी, संजय पंवार, कुशाल सिंह पंवार, दिनेश भजनियाल ने बताया कि नगर पंचायत के अंतर्गत चमियाला बाजार में लगाए गए सीसीटीवी खराब पड़े हैं। जिस कारण बाजार में चोरी की घटनाएं और शरारती तत्वों द्वारा वाहनों में तेल की चोरी और तोड़फोड़ की घटनाओं का पता नहीं लग पाता है। साथ ही नगर पंचायत के सभी वार्डों में नालियों की साफ-सफाई नहीं होने से गंदगी फैलने से बीमारियों का अंदेशा बना हुआ है। बाजार में पेयजल की भी समस्या बनी हुई है। अधिकांश घरों में पानी न आने से पेयजल का संकट बना हुआ है तथा नलों में दूषित पानी व कीड़े मकोड़े आने से लोग बीमार हो रहे हैं। नगर पंचायत क्षेत्र में उत्तरकाशी-केदारनाथ मोटर मार्ग पर निर्मित शौचालय के गड्ढे पर ढक्कन नही होने के कारण क्षेत्र में बदबू आने से यात्रियों व स्थानीय लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत के ईओ उक्त समस्याओं के प्रति लापरवाह बने हुए हैं। जिसका खामियाजा नगर पंचायत के सातों वार्डो में रह रहे लोगों को उठाना पड़ रहा है। उन्होंने शीघ्र उक्त बुनियादी सुविधाओं में सुधार न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। वहीं नगर पंचायत चमियाला के ईओ अजय असवाल ने कहा कि बाजार में सभी सीसीटीवी कैमरे विधिवत काम कर रहे हैं। नालियों की यात्रा सीजन में साफ सफाई की गई है।

# हत्यारोपी को आजीवन कारावास की सजा

उत्तरकाशी : जिला एवं सत्र न्यायाधीश गुरुबख्श सिंह ने हत्या के एक मामले में दोषी को आजीवन कारावास और दस हजार रुपये अर्थदंड की सजा की सुनाई है। घटना 30 जुलाई 2022 की है। लंबगांव मोटरमार्ग पर स्थित एक होटल में काम करने वाले ज्ञानसू निवासी महादेव नौटियाल ने शराब के नशे में रात को उत्तरकाशी केदारघाट से अपने साथी सोबन सिंह पंवार को नदी में धक्का दे दिया था। यह पूरी वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई थी। इसके बाद अगले दिन जब सोबन नहीं घर पहुंचा तो होटल मालिक ने 31 जुलाई को थाना कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज करवाई। एक अगस्त को पुलिस ने शक के आधार पर महादेव को गिरफ्तार किया। पूछताछ में महादेव ने बताया कि वह घटना के दिन होटल मालिक से 1500 रुपये लेकर बाजार चल दिया था, जहां उन्होंने शराब पी। उसने बताया कि हम दोनों हलवाई का काम करते थे और सोबन अक्सर उसे परेशान किया करता था। जिसकी रंजिश रखते हुए उसने उसे रात में केदारघाट पर ले जाकर भागीरथी में धक्का दे दिया था और चुपचाप वहां से अपने घर को चला गया। आठ अगस्त 2022 को पुलिस ने चिन्यालीसौड़ के पास टिहरी बांध की झील से शव बरामद किया। 10 सितंबर 2022 को पुलिस ने मामले में विवेचना पूरी कर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। सहायक शासकीय अधिवक्ता पूनम सिंह ने बताया कि अभियोजन पक्ष की ओर से शासकी अधिवक्ता यशपाल सिंह रावत द्वारा मामले में 13 गवाह पेश किए गए। जिस पर सुनवाई पर करते जिला जज गुरुबख्श सिंह ने आरोपी को सजा सुनाई। (एजेंसी)

## छात्रा से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

उत्तरकाशी : नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहे आरोपी शिक्षक को पुलिस ने मंगलवार देर रात गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बुधवार को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष पुरोला मोहन कठैत ने बताया कि शिक्षक के खिलाफ तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। मंगलवार देर शिक्षक को पुरोला-नौगांव मोटर मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के समीप से गिरफ्तार कर लिया गया। बताया कि मंगलवार को पुरोला के एक निजी इंटर कॉलेज के शिक्षक राकेश कुमार उम्र 35 वर्ष पुत्र वीरेन्द्र लाल निवासी देवजानी विकास खण्ड मोरी के अपने ही कॉलेज में अध्ययनरत दसवीं की नाबालिग 14 वर्षीय छात्रा को कमरे में बुलाकर दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया था।

# विभाग अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करें : डीएम

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने बुधवार को समस्त विभागीय अधिकारियों की बैठक लेते हुए विभागीय संपत्तियों से प्राप्त रेवेन्यू और परिसंपत्तियों का बाउंड्री सृजन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विभाग अपनी खाली और कुछ समय के लिए उपयोग हो रही संपत्तियों को निर्धारित दरों पर आम नागरिकों के उचित उपयोग हेतु किराए पर देना सुनिश्चित करें। आम नागरिकों की जानकारी के लिए इसका प्रचार प्रसार भी करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग अपने स्तर पर इसके लिए विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय करें। ताकि भूमि पर अवैध कब्जा होने पर जवाबदेही भी सुनिश्चित की जा सके। जिला पंचायत, विद्युत और मत्स्य विभाग के अधिकारी का बैठक में न आने पर जिलाधिकारी ने तीनों अधिकारियों का



स्पष्टीकरण भी तलब किया।डीएम ने कहा कि इससे आम नागरिकों को सुविधा मिलेगी और विभाग की संपत्तियों का बेहतर उपयोग के साथ रेवेन्यू प्राप्त होगा। रेवेन्यू का 50 प्रतिशत राज्य सरकार, 25 प्रतिशत जिला स्तरीय समिति तथा 25 प्रतिशत विभाग को मिलेगा। विभाग इसे संपत्तियों की रख रखाव पर खर्च कर सकते है। जिससे विभाग को ही फायदा होगा। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन विभागों ने अभी तक अपनी परिसंपत्तियों को किराए पर देना शुरू नहीं किया है, वो तत्काल इस दिशा में कार्य करना सुनिश्चित करें। इस दौरान बताया कि अभी तक युवा कल्याण, मत्स्य और शिक्षा विभाग ने अपने खेल मैदान, कैफे, सभागार कक्ष किराए पर देकर आय अर्जित की है।

# यात्रा के सम्बन्ध में फेक न्यूज या विडियो बनाने वालों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाई

**जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून** : चारधाम यात्रा का दुष्प्रचार करने वाले तथा यात्रा के सम्बन्ध में फेक न्यूज या विडियो बनाने वालों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्यवाही के निर्देश देते हुए सचिवालय में चारधाम यात्रा प्रबन्धन की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने स्पष्ट किया है कि फेक न्यूज या वीडियों के माध्यम से यात्रा को बदनाम करने वाले तत्वों के विरूद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। बिना रजिस्ट्रेशन एवं ट्रिप कार्ड या पोस्ट डेटेड रजिस्ट्रेशन की बसों एवं गाड़ियों के यात्रामार्ग पर संचालन पर कड़ा रूख अपनाते हुए सीएस श्रीमती रतूड़ी ने ऐसे बिना रजिस्ट्रेशन की बसों व गाड़ियों को तत्काल रोकने तथा वापस भेजने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य सचिव ने परिवहन विभाग को टूर ऑपरेटर्स के साथ बिना रजिस्ट्रेशन, बिना ट्रिप कार्ड या पोस्ट डेटेड रजिस्ट्रेशन के वाहनों के मुद्दे पर बैठक करने निर्देश



दिए हैं। बिना रजिस्ट्रेशन वाले वाहनों को जगह-जगह पर स्थापित चेक पॉइन्टस पर चिन्हित कर उचित कार्यवाही की जाएगी। इस सम्बन्ध में मुख्य सचिव द्वारा अन्य राज्यों के मुख्य सचिवों एवं पुलिस महानिदेशकों को भी पत्र भेजा जाएगा। श्रद्धालुओं की समस्याओं के मौके पर ही त्वरित निवारण के दृष्टिगत मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने अधिकारियों को अपने मोबाइल पर प्राप्त किसी भी श्रद्धालु की शिकायत पर तत्काल उचित कार्यवाही के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को अपने मोबाइल 24 घण्टे खुले रखने तथा यात्रा से सम्बन्धित शिकायतों को अनिवार्य सुनने के कड़े निर्देश जारी किए हैं। चारधाम यात्रा के कुशल प्रबन्धन हेतु जिलों में तैनात प्रभारी सचिवों की स्थिति को स्पष्ट करते हुए सीएस श्रीमती रतूड़ी ने कहा है कि प्रभारी सचिव द्वारा सचिवालय से ही जिला प्रशासन एवं जिलाधिकारी आदि के माध्यम से नियमित रूप से यात्रा की मॉनिटरिंग की जाएगी तथा सचिवालय एवं जिला प्रशासन के मध्य प्रभावी समन्वय सुनिश्चित किया जाएगा। चारधाम यात्रा पर आने वाले कुछ श्रद्धालुओं द्वारा रजिस्ट्रेशन के दौरान अपनी मेडिकल हिस्ट्री की जानकारी ना देने या गलत जानकारी देने के मामलों को गम्भीरता से लेते हुए मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी स्वास्थ्य विभाग को नियमों का कड़ाई से पालन करवाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने 50 वर्ष से अधिक उम्र के यात्रियों की हेल्थ स्क्रीनिंग पर विशेष फोकस करने के सख्त निर्देश दिए हैं। सचिव स्वास्थ्य ने जानकारी दी कि इस बार यात्रा रूट पर 184 चिकित्सकों की तैनाती की गई है। इनमें 44 स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स हैं। इस बार श्रीनगर मेडिकल कॉलेज में कैथ लेब शुरू की गई हैं।

कुल 11 भाषाओं में यात्रा सम्बन्धित एसओपी जारी की गई है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य जांच से लेकर तमाम सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

बैठक में पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार, प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, कमीशनर गढ़वाल विनय शंकर पाण्डेय, सचिव अरविन्द सिंह हयांकी, सचिन कुर्वे, दिलीप जावलकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपियों को मिले कड़ी सजा : उक्रांद

देहरादून। उक्रांद युवा प्रकोष्ठ ने राज्य की कानून व्यवस्था, नाबालिग बालिकाओं की सुरक्षा और आरोपियों को कड़ी सजा देने की मांग की है। इसके लिए बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा है। युवा प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने आरोप लगाया कि राज्य में अपराध के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं, साथ ही राज्य में नाबालिग बच्चियों के साथ दुष्कर्म के मामले सामने आ रहे हैं, यह चिंतनीय विषय है।

कुछ दिन पूर्व चमोली की रहने वाली दो नाबालिग सगी बहनों को सहारनपुर के दो विशेष धर्म के युवकों ने बहला फुसलाकर देहरादून के होटल में ले जाकर दुष्कर्म किया गया। इसके अलावा भी कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की घटनाओं में बढ़ोतरी का कारण आरोपियों के खिलाफ कड़ी कारवाई ना करते हुए उनके साथ नरमी बरतना भी है, जिस प्रकार से नाबालिग बच्चों के साथ हो रहे दुराचार के लिए पोक्सो एक्ट में सजा का प्रावधान है, लेकिन राज्य भर में सैकड़ों ऐसे केस के बाद भी उन पर कारवाई नहीं की जाती, यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने राज्य में किसी भी नाबालिग के साथ दुष्कर्म, यौन शोषण की घटनाओं पर तत्काल कारवाई कर पोक्सो एक्ट की धाराओं में तत्काल सजा देने की मांग की है। इस मौके पर युवा प्रकोष्ठ के महानगर अध्यक्ष परवीन चंद रमोला, केंद्रीय प्रवक्ता नेहा उनियाल, मीडिया प्रभारी किरन रावत, केंद्रीय महामंत्री बृज मोहन साजवान, केंद्रीय उपाध्यक्ष सुनील ध्यानी, भोला दत्त चमोली, मीनाक्षी घिल्डियाल, केंद्रीय उपाध्यक्ष जय प्रकाश उपाध्याय, अशोक नेगी, नेहा उनियाल, ललिता गुसाईं, मधु सेमवाल, दीपक रावत, प्रताप कुंवर आदि मौजूद रहे।

# फैकल्टी में समन्वय नहीं, बिगड़ी व्यवस्था

देहरादून। नेत्र रोग विभाग में पिछले कुछ दिनों से फैकल्टी में ही समन्वय नहीं है। प्राचार्य तक भी कई मामले पहुंचे हैं। बताया गया है कि फैकल्टी के दो गुट बने हैं। विभाग स्तर पर कई नोटिस जारी हुए हैं, कई तरह के प्रतिबंध एवं बदलाव किए गए हैं। कमरों तक पर लड़ाई है। गुटबाजी से विभाग की व्यवस्था बिगड़ी है। सूत्रों के मुताबिक अब पीजी की लड़ाई में भी ये गुटबाजी हावी है।

**प्राचार्य बोलें, गुटबाजी बर्दाश्त नहीं करेंगे**

प्राचार्य डॉ. आशुतोष सयाना ने कहा कि पीजी डॉक्टर एक परिवार का हिस्सा है। किसी बात को लेकर मनमुटाव हो गया। कमेटी ने सबसे मौखिक एवं लिखित बयान लिए हैं। पढ़ाई, प्रैक्टिस पर फोकस करने की अपील की है। एक सप्ताह में दोबारा कमेटी बैठेगी। तब तक आपस में बातचीत को बोला है। सौहार्दपूर्ण माहौल बनें, ऐसा प्रयास है। दोनों पक्ष सहमत नहीं होंगे तो कमेटी जो संस्तुति करेगी, कार्रवाई करेंगे। फैकल्टी की गुटबाजी के बारे में जानकारी मिली है। उसे कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। पीजी छात्रों को उनके अच्छे भविष्य एवं मरीजों के हित का पाठ पढ़ाएं। सुधार न किया तो कड़ी कार्रवाई के लिए शासन से संस्तुति करेंगे।

### श्रद्धा व अभिषेक ने सबसे उंचे शिव मंदिर में बनाया रिकार्ड

देहरादून। भरतनाट्यम नृत्यांगना गुरु व परिंदा आर्ट स्टुडियो की संचालिका गुरु श्रद्धा बछेती ने विश्व के सबसे उंचे शिव मंदिर तुंगनाथ में एक घंटा तीस मिनट तक भरतनाट्यम कर इंडिया वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड में नाम दर्ज करवाया है। वर्ल्ड बुक रिकार्ड ने उन्हें इसके लिए मेडल से सम्मानित भी किया है। यह रिकार्ड गत 13 मई को कायम किया गया। श्रद्धा बछेती की मां दीपा बछेती ने प्रेस क्लब में हुई प्रेसवार्ता में बताया कि, श्रद्धा ने माइनस डिग्री तापमान में चुनौतीपूर्ण परिस्थिति के बीच तिलक अभिषेक के साथ ही अपनी प्रस्तुति शुरू की। उनके इस नृत्य के साथ दून के कैलीग्राफी आर्टिस्ट बंजारावाला निवासी अभिषेक यादव द्वारा शिव का चित्र भी साथ–साथ बनाया गया। मूल रूप से पौड़ी निवासी व हाल निवास सीमाद्वार में रहने वाली श्रद्धा व अभिषेक की इस जुगलबंदी ने भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था का प्रदर्शन किया है। दीपा बछेती ने बताया कि उनकी बेटी कई तरह की स्वास्थ्य सम्बंधी समस्या से जूझ रही थी। उनकी बीते दो सालों में कई सर्जरी हुई है।

# पहाड़ी दाल और अनाज के शौकीनों को सुगमता से मिल रहे पहाड़ी उत्पाद

**जयन्त प्रतिनिधि।चमोली :** जनपद में स्थानीय उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने की ग्राम्य विकास विभाग की ओर से ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत मुहीम संचालित की जा रही है। जिसके चलते यहां अब बदरीनाथ मार्ग पर पहाड़ी दाल, अनाज और जूस के शौकीनों को सुगमता से पहाड़ी उत्पाद मिल रहे हैं। विभाग की ओर से जिले के 11 स्थानों पर पर पहाड़ी उत्पादों के विपणन के लिये आउटलेट बनाए गए हैं। जबकि आगामी 17 मई से नंदप्रयाग में विभाग की ओर से पहाड़ी व्यंजनों का ढाबे का संचालन भी शुरु किया जा रहा है। जिससे देश और विदेश से आने वाले तीर्थयात्री यात्रा मार्ग पर पहाड़ी व्यंजनों




का लुत्फ ले सकेंगे।मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने बताया कि ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना व राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की ओर से संकुल संकुल स्तरीय कलस्टर एवं स्वंय सहायता समूहों के माध्यम से बदरीनाथ हाईवे पर गौचर, कर्णप्रयाग, सोनला, मैठाणा, गोपेश्वर, विरही, टंगढी, पीपलकोटी, लंगसी, जोशीमठ व ब्रदीनाथ मे आउटलेट संचालित किए जा रहे हैं। जबकि कई स्थानों पर कैनोपी लगाकर उत्पादों का विपणन किया जा रहा है। आउटलेट पर पहाड़ी दालें, मंडुवे का आटा, झंगोरा, मसाले, बुरांश जूस, माल्टा जूस, आंवला जूस, तिमले, लिंगडे, लहसुन के अचार के साथ ही हैंडी क्राफ्ट के उत्पाद व उत्तराखण्ड प्रतीक चिन्हों का विपणन किया जा रहा है। परियोजना निदेशक आनन्द सिंह ने कहा कि जनपद में स्थानी उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के साथ ही स्वरोजगार और पर्यटन को बढ़ावा देने की मंशा से रीप व यूएसआरएलएम की ओर से यह गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। साथ ही व्यवसाय की नियमित निगरानी व साप्ताहिक व्यवसाय का डाटा तैयार किया जा रहा है।

# जंगलों को आग से बचाने के लिए छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली

नई टिहरी : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के एसआरटी परिसर बादशाहीथौल के स्नातक चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने बुधवार को संयोजक प्रो. सुबोध कुमार और सह संयोजक आराधना बधानी के नेतृत्व में वनाग्नि जागरूकता को लेकर परिसर से बादशाहीथौल चौक तक रैली निकाली। बुधवार को आयोजित रैली को लेकर रैली के संयोजक प्रो. सुबोध कुमार तथा सह संयोजक डॉ. आराधना बधानी ने बताया कि स्नातक कक्षाओं बीए, बीएससी, बीकॉम के चतुर्थ सेमेस्टर के पाठ्यक्रम में या अनिवार्य कोर्स के तहत जन जागरूकता एवं पर्यावरण जागरूकता संबंधी पाठ्यक्रम के तहत परिसर के छात्र-छात्राओं ने उत्तराखंड की विभिन्न जंगलों में हो रहे आग से नुकसान तथा पर्यावरण को क्षति के बारे में रैली निकालकर आसपास के क्षेत्र को नारे व पोस्टरों के माध्यम से जागरूक किया। विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम में नई शिक्षा नीति




के तहत समय-समय पर पर्यावरण जागरूकता रैलियों का आयोजन करना जरूरी है। बुधवार को रैली से आम लोगों को जागरूक कर बताया गया कि वनाग्नि का पेड़-पौधों के नुकसान के साथ ही जंगली जानवरों व पर्यावरण पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इसलिए वनों की आग रोकने के लिए सभी को सहयोग करते हुए वनाग्नि की सूचना अधिकारियों को देनी चाहिए। रैली में प्रभारी परिसर निदेशक प्रो. मनमोहन सिंह नेगी, समिति के संयोजक प्रोफेसर सुबोध कुमार, डॉ. आरएल डंगवाल, डॉ. रविंद्र, डॉ. सुमन लता, कार्तिक, प्रशांत, आशीष चमोली, फिजा परवीन, साक्षी उनियाल आदि शामिल रहे। (एजेंसी)

# एससी छात्रों से भेदभाव पर राष्ट्रीय एससी आयोग जाएगी राष्ट्रवादी पार्टी

देहरादून। आश्रम पद्धति विद्यालयों में अनुसूचित जाति के बच्चों के साथ भेदभाव पर राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी ने राष्ट्रीय एससी आयोग जाने की चेतावनी दी है। जौनसार बाबर क्षेत्र से राष्ट्रवादी रीजनल पार्टी के सदस्यों से अनुसूचित जाति के लोगों ने आश्रम पद्धति विद्यालयों में अपने बच्चों के प्रवेश न दिए जाने की शिकायत के साथ सम्पर्क किया था। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र पंत ने बताया कि 6 मई को पार्टी के पदाधिकारियों ने जिला समाज कल्याण अधिकारी पूनम चमोली के माध्यम से मुख्यमंत्री को मांग पत्र दिया था। मांग पत्र में यह भी कहा गया था कि अगर एक सप्ताह के भीतर अनुसूचित जाति के बच्चों को आश्रम पद्धति में प्रवेश नहीं दिया जाता है तो पार्टी प्रदेश व्यापी आंदोलन के लिए बाध्य होगी। हालांकि ताजा शासनादेश में अनुसूचित जाति के छात्रों को प्रवेश देने की बात तो कही गयी है, लेकिन इसी शर्त पर प्रवेश दिए जाने की बात की गई है यदि अनुसूचित जनजाति के छात्र नही मिलते। पार्टी की ओर से कहा गया है कि यदि बिना शर्त सभी को समान रूप से प्रवेश नही दिया गया तो पार्टी अनुसूचित जाति के बच्चों के साथ आश्रम पद्धति में प्रवेश के लिए संघर्ष तेज करेगी।

**जयन्त**

संस्थापक

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

–सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79

फोन/फैक्स 01382–222383

मो. 8445596074, 9412081969

e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com